


MPHIN/2021/83938

# दैनिक पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 310 | ग्वालियर , 03 सितम्बर रविवार 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए



# सिलेंडर का दाम कम करने से बीजेपी को चुनाव में फायदा मिलेगा? सर्वे के आंकड़ों ने चौंकाया

केंद्र सरकार ने रक्षाबंधन से पहले गैस सिलेंडर की कीमतों में कटौती की थी. ऐसा माना जा रहा था कि सरकार ने यह फैसला आगामी चुनावों में लाभ लेने के लिए किया है. ऐसे में इसे लेकर सी वोटर ने एबीपी न्यूज के लिए एक सर्वे किया है. इस सर्वे में लोगों से पूछा गया है कि क्या सिलेंडर का दाम कम करने से बीजेपी को चुनाव में फायदा मिलेगा? इसका जवाब काफी चैंकाने वाला है. दरअसल, 50 प्रतिशत लोगों ने माना है कि सिलेंडर की कीमतें कम करने से सरकार को चुनाव में फायदा होगा, जबकि 40 फीसदी लोग ऐसा नहीं मानते हैं. वहीं, सर्वे में 10 पर्सेंट लोगों ने इस बारे में कोई जवाब नहीं दिया.

**200 रुपये सस्ता हुआ**




**एलपीजी सिलेंडर**-ओणम और रक्षाबंधन के मौके पर केंद्र की मोदी सरकार ने गैस सिलेंडर 200 रुपये सस्ता किया. इसके अलावा सरकार ने प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के लाभार्थियों को अतिरिक्त 200 रुपये की सब्सिडी देने का फैसला किया. इतना ही नहीं, केबिनेट ने 75 लाख महिलाओं को उज्जवला के तहत नए कनेक्शन देने के फैसले पर मुहर लगा दी.

**महिलाओं को रक्षा बंधन का तोहफा**-कैबिनेट की बैठक में लिए गए इन फैसलों को लेकर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा था, ओणम और रक्षाबंधन पर मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि प्रधानमंत्री ने देश की महिलाओं को ये बड़ा तोहफा दिया है. उन्होंने कहा था कि सरकार के इस फैसले से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को लाभ मिलेगा.

## वन नेशन, वन इलेक्शन की कमेटी का नोटिफिकेशन जारी, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद होंगे चेयरमैन, अमित शाह समेत 8 सदस्य



वन नेशन, वन इलेक्शन की कमेटी को लेकर केंद्र सरकार ने शनिवार (2 सितंबर) को नोटिफिकेशन जारी कर दिया. पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में आठ सदस्यीय समिति बनाई गई. कमेटी के चेयरमैन पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद हैं. वहीं समिति में सदस्य गृह मंत्री अमित शाह, कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी, पूर्व सीएम गुलाम नबी आजाद, वित्त कमीशन के पूर्व चेयरमैन एनके सिंह, लोकसभा के पूर्व महासचिव सुभाष सी कश्यप, हरीश साल्वे और पूर्व सीवीसी संजय कोठारी हैं. कमेटी का कार्यकाल स्पष्ट नहीं है. समिति को यथाशीघ्र रिपोर्ट देने को कहा गया है.

**कमेटी को क्या कहा जाएगा**-कमेटी का नाम उच्च स्तरीय समिति और अंग्रेज़ी में एचएलसी कहा जाएगा. विधियों न्याय विभाग के सचिव नितेन चंद्र इसका हिस्सा होंगे. नितेन चंद्र एचएलसी के सचिव भी होंगे. इसके अलावा कमेटी की बैठक में केंद्रीय न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल मौजूद रहेंगे. दरअसल एक राष्ट्र, एक चुनाव का मतलब लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ कराना है.


**समिति क्या काम करेगी**-समिति लोकसभा, विधानसभाओं, नगर निकायों और पंचायतों के चुनाव एक साथ कराने की संभावना पर विचार और सिफारिश करेगी. इस बात का अध्ययन भी करेगी कि क्या संविधान में संशोधन के लिए राज्यों के अनुमोदन की आवश्यकता होगी. कमेटी तुरंत काम शुरू करेगी और जल्द से जल्द सिफारिशें देगी.

समिति इसके अलावा एक साथ चुनाव कराने की स्थिति में त्रिशंकु सदन, अविश्वास प्रस्ताव या दलबदल से उभरते परिदृश्यों के प्रभाव का भी विश्लेषण करेगी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वन नेशन, वन इलेक्शन की पैरवी करते रहे हैं. उन्होंने 2018 में संसद को संबोधित करते हुए कहा था, ''लगातार चुनाव से न सिर्फ मानव संसाधन पर अत्यधिक बोझ पड़ता है बल्कि चुनाव आचार संहिता लागू हो

## चंद्रयान-3 मिशन की स्लीप मोड की तैयारी शुरू दिया अपडेट, चांद पर होने वाली है रात

चंद्रयान-3 मिशन में अब तक चांद के दक्षिणी ध्रुव से जुड़ी कई अहम जानकारी मिली है. इसका प्रज्ञान रोवर चांद की सतह पर घूमते हुए महत्वपूर्ण डेटा जुटा रहा है. हालांकि अब ये मिशन स्लीप मोड में जाने वाला है. क्योंकि चांद पर रात होने वाली है.भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के चीफ एस सोमनाथ ने शनिवार (2 सितंबर) को कहा कि चंद्रमा पर भेजे गए चंद्रयान-3 के रोवर और लैंडर ठीक से काम कर रहे हैं. अब चंद्रमा पर रात हो जाएगी इसलिए इन्हें निष्क्रिय किया जाएगा.

**स्लीप मोड ऑपरेशन शुरू करने की तैयारी**-उन्होंने कहा कि चंद्रमा की रात नजदीक आते ही इसरो विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर के लिए स्लीप मोड ऑपरेशन शुरू करने की तैयारी कर रहा है. न्यूज़ एजेंसी पीटीआई के अनुसार, उन्होंने कहा कि इस दौरान तापमान -200 डिग्री सेल्सियस से नीचे गिरने की उम्मीद है.



**रोवर ने तय की 100 मीटर की दूरी**-इसरो चीफ ने कहा कि अच्छी खबर यह है कि लैंडर से रोवर कम से कम 100 मीटर दूर हो गया है और हम आने वाले एक या दो दिन में इन्हें निष्क्रिय करने की प्रक्रिया शुरू करने जा रहे हैं, क्योंकि वहां रात होने वाली वाली है. इसरो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर रोवर की एक फोटो भी शेयर की जिसमें बताया गया कि ये अब तक 101.4 मीटर की दूरी तय कर चुका है.

**एक चंद्र दिवस के लिए तय था मिशन**-इसरो ने 14 जुलाई को चंद्रयान-3 मिशन को लॉन्च किया था. इसने 23 अगस्त की शाम को चांद के दक्षिणी ध्रुव पर सफल सॉफ्ट लैंडिंग की थी. इसी के साथ चांद के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला भारत पहला देश बना. चंद्रयान-3 मिशन 14 दिनों का है जोकि चांद के एक दिन के बराबर है.

**आदित्य-एल1 मिशन की हुई सफल लॉन्चिंग** -इसी बीच इसरो ने शनिवार को आदित्य-एल1 मिशन की भी सफलतापूर्वक लॉन्चिंग की. अब ये सूर्य की ओर 125 दिन की अपनी यात्रा पर आगे बढ़ रहा है. इसरो ने कहा कि सूर्य गैस का एक विशाल गोला है और आदित्य-एल1 इसके बाहरी वातावरण का अध्ययन करेगा.

## महाराष्ट्र में एनसीपी चीफ शरद पवार के काफिले पर पथराव, गाड़ी का पिछला शीशा टूटा

महाराष्ट्र के जालना जिले में हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही. अब एनसीपी चीफ शरद पवार ) के काफिले पर पथराव किया गया है. ये घटना तब हुई जब शरद पवार शनिवार (2 सितंबर) को अंतरवाली गांव से निकल रहे थे.दरअसल, शुक्रवार की रैली के बाद शनिवार सुबह जालना शहर में प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प हो गई. इसमें संभाजीनगर ग्रामीण पुलिस की टीम पर पथराव किया गया. पुलिस टीम शरद पवार के साथ काफिले में थी. जब इसपर पथराव हुआ.

**गाड़ी का पिछला शीशा टूटा**-पथराव में पुलिस की गाड़ी का पिछला शीशा टूट गया. ग्रामीण पुलिस बल के



डीएसपी देवदत्त भावर की कार में भी तोड़फोड़ की गई है. बता दें कि, महाराष्ट्र के जालना में मराठा आरक्षण की मांग को लेकर शुक्रवार को हिंसा हुई थी.

**हिंसा में करीब 40 पुलिसकर्मी घायल**-पुलिस के मुताबिक, हिंसा में करीब 40 पुलिसकर्मी और कुछ अन्य लोग घायल हुए हैं. न्यूज़ एजेंसी पीटीआई के अनुसार, प्रदर्शनकारियों ने राज्य परिवहन की कम से कम 15 बसों और कुछ निजी वाहनों को आग के हवाले कर दिया. पुलिस ने 360 से ज्यादा लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है और हिंसा में कथित तौर पर संलिप्त 16 लोगों की पहचान कर ली गई है.

**शरद पवार पहुंचे थे अंतरवाली सारथी गांव**-पुलिस ने शुक्रवार को औरंगाबाद से लगभग 75 किलोमीटर दूर अंबाद तहसील में धुले-सोलापुर रोड पर अंतरवाली सारथी गांव में हिंसक भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले छोड़े थे. राज्य सरकार ने राजनीतिक रूप से प्रभावशाली मराठा समुदाय के लिए आरक्षण का प्रावधान किया था जिसे सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दिया था. एनसीपी अध्यक्ष शरद पवार शनिवार को अंतरवाली सारथी गांव का दौरा करने पहुंचे थे.

## इंडिया स्टैक है एक ऐसा भारतीय तकनीकी चमत्कार, जिसे दुनिया ले रही है हाथोंहाथ, भारत बन रहा है टेक्नोलॉजी का महारथी

इंडिया स्टैक भारतीय सरकार की अनोखी पहल है जो विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार की डिजिटल सेवाओं को प्रदान करने हेतु एक सुदृ? डिजिटल बुनियादी संरचना का निर्माण और संचालन भी करती है.कुछ दिनों पहले ही भारत ने पापुआ न्यू गिनी के साथ %इंडिया स्टैक% साझा करने हेतु समझौते पर हस्ताक्षर किये थे. इससे पहले इसी साल जून में भारत ने चार देशों सूरीनाम, एंटीगुआ तथा बारबुडा, आर्मेनिया, और सिएरा लियोन के साथ भी %इंडिया स्टैक% साझा करने के लिये समझौते पर हस्ताक्षर किये थे,

# जालना हिंसा मामले में एक्शन, 360 से ज्यादा प्रदर्शनकारियों के खिलाफ केस

महाराष्ट्र के जालना में मराठा आरक्षण की मांग को लेकर चल रहे विरोध प्रदर्शन के हिंसक होने के एक दिन बाद शनिवार (2 सितंबर) को स्थिति नियंत्रण में रही और पुलिस ने 360 से अधिक लोगों पर मामला दर्ज किया है. हिंसा में कई पुलिसकर्मियों समेत अन्य लोग घायल हो गए थे. एक अधिकारी ने यह जानकारी दी.पुलिस ने शुक्रवार को औरंगाबाद से लगभग 75 किलोमीटर दूर अंबाद तहसील में धुले-सोलापुर मार्ग पर अंतरवाली सारथी गांव में हिंसक भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले दागे थे.

**कैसे हिंसक हुआ आंदोलन**-अधिकारियों ने बताया कि मनोज जारांगे के नेतृत्व में प्रदर्शनकारी मंगलवार से गांव में मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की मांग को लेकर भूख हड़ताल कर रहे थे. बात तब बिगड़ी जब चिकित्सकों की सलाह पर पुलिस ने जारांगे को अस्पताल में भर्ती कराने की कोशिश की.पुलिस ने बताया कि कुछ लोगों ने राज्य परिवहन की बसों और निजी वाहनों को निशाना बनाया, इसी वजह से आंदोलन हिंसक हुआ, जबकि ग्रामीणों ने दावा किया कि पुलिस ने हवा में कई राउंड गोलीबारी की, लेकिन अधिकारियों ने इसकी पुष्टि नहीं की है.

**आरक्षण मिलने तक आंदोलन जारी रखेंगे- आंदोलनकारी**आंदोलनकारी शनिवार को भी अपनी मांगों को लेकर अड़े रहे और कहा कि जब तक सरकार समुदाय को आरक्षण नहीं देती तब तक वे आंदोलन जारी रखेंगे. उन्होंने उनके 'शांतिपूर्ण' आंदोलन के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई पर भी सवाल उठाया और पूछा कि उन्होंने हवा में गोलियां क्यों चलाईं और प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज क्यों किया.

**पुलिस ने दी ये जानकारी**-पुलिस के मुताबिक, हिंसा में करीब 40 पुलिसकर्मी और कुछ अन्य लोग घायल हुए हैं. उन्होंने बताया



कि प्रदर्शनकारियों ने कम से कम 15 राज्य परिवहन बसों और कुछ निजी वाहनों में आग लगा दी. एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि जालना के गोंडी पुलिस थाने में शुक्रवार को हुई हिंसा में शामिल होने पर लगभग 360 से अधिक लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है, जिनमें से 16 आंदोलनकारियों की पहचान कर ली गई है. अधिकारी ने बताया कि पुलिसकर्मी और राज्य रिजर्व पुलिस बल (एसआरपीएफ) की एक कंपनी अब गांव में तैनात कर दी गई है.

जालना के पुलिस अधीक्षक (एसपी) तुषार दोषी ने बताया, ''कल (शुक्रवार) हुई हिंसा में करीब 40 पुलिसकर्मी घायल हो गए. पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने और स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए प्लास्टिक के छर्रे और आंसू गैंस का इस्तेमाल किया. अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है और स्थिति अब नियंत्रण में है.''

**सीएम शिंदे ने की शांति की अपील**-मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शुक्रवार को शांति की अपील की और घोषणा की कि हिंसा की उच्च स्तरीय जांच के लिए एक समिति गठित की जाएगी, जबकि उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री देवेंद्र फणनवीस ने दावा किया कि पथराव के कारण पुलिस को लाठीचार्ज करने के लिए मजबूर होना पड़ा. राजनीतिक रूप से प्रभावशाली मराठा समुदाय के लिए राज्य सरकार की ओर से प्रदान किए गए आरक्षण को उच्चतम न्यायालय ने रद्द कर दिया था.

**विरोध प्रदर्शन के नेता मनोज जारांगे ये बोले** -आज सुबह अंतरवाली सारथी गांव में पत्रकारों से बात करते हुए विरोध प्रदर्शन के नेता जारांगे ने कहा, ''अब अनशन समाप्त नहीं किया जाएगा. हमारी बहनें और पूरा गांव शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन कर रहा है. मुख्यमंत्री ने मराठा आरक्षण पर एक समिति बनाई है, लेकिन उसने कोई रिपोर्ट नहीं सौंपी है, इसलिए हम आंदोलन कर रहे हैं.''

उन्होंने हाथ में गोली दिखाते हुए कहा, ''ये गोलियां चलाई गई हैं और हम पर अमानवीय तरीके से लाठियां बरसाई गई.

चौकी हिम्मतपुर थाना पिछोर पुलिस की बडी कार्यवाही

# एक आरोपी के कब्जे से अवैध कच्ची शराव जप्त कर 1600 लीटर लहान कीमती करीबन 80000 रु. किया नष्ट

**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

**पिछोर।** पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह भदौरिया द्वारा आगामी विधान सभा चुनाव को देखते हुए अवैध शराब माफियाओं पर कार्यवाही हेतु निर्देश दिये हैं पुलिस अधीक्षक शिवपुरी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री संजीव मूले के निर्देशन में एवं एसडीओपी पिछोर श्री प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में उक्त निर्देशो के पालन में आज दिनाँक 02/09/23 को मुखबिर सूचना मिली कि ग्राम बालूसा से लगी हुई फायरिंग रेंज किनारे एक व्यक्ति अवैध शराब का निर्माण कर रहा है सूचना पर से उनि नितिन भार्गव मय फोर्स ग्राम बालूसा से लगी हुई फायरिंग रेंज किनारे पहुचे



तो मुखबिर व्दारा बताये हुए हुलिये का व्यक्ति दिखा जिसे घेराबंदी कर पकड़ा जिसके कब्जे से अवैध शराब जप्त की गई तथा मौके पर से ड्रमों में भरी हुए लहान को नष्ट किया गया। आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 495/23 धारा 34(1) आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी पिछोर निरीक्षक शिवसिंह यादव, चौकी प्रभारी हिम्मतपुर उप निरीक्षक नितिन भार्गव, सउनि जितेन्द्र यादव, प्र.आर. 654 प्रतिपाल सिंह चौहान, प्रआर 95 हीरासिंह, प्रआर 612 घनश्याम सिहं, प्रआर 863 संतोष यादव, आर. 962 राघवेन्द्र, आर. 256 रामनाथ, आर. 362 जितेन्द्र, आर. चालक अनिल यादव, सैनिक राहुल भार्गव, सैनिक सिरनाम सिंह की सराहनीय भूमिका रही ।

# थाना देहात पुलिस द्वारा स्थाई वारंटी को किया गिरफ्तार

**राकेश परिहार पिछोर**

पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह भदौरिया द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए इनामी स्थाई वारंट तामील कराये जाने हेतु एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है । अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संजीव मुले एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री अजय भार्गव के मार्ग निर्देशन में फरारी स्थाई वारंटियों की धरपकड पर कार्यवाही करते हुये देहात




टी.आई. विकास यादव की टीम द्वारा चोरी के प्रकरण में फरार स्थाई वारंटी गोविन्दा पचौरी पुत्र लक्ष्मण पचौरी उम्र 32 साल नि. भैरोबाबा मंदिर के पास अहीर मोहल्ला पुरानी शिवपुरी को गिरफ्तार किया गया ।

**सराहनीय भूमिकाः**–उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी थाना देहात विकास यादव, प्र.आर.570 विनय कुमार सिंह प्र.आर.55 महेन्द्र दीवान,आर 580 दिलशाद खान की विशेष भूमिका रही

जनसंपर्क मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने 192 हितग्राहियों को दिए आवासीय पट्टे

# सितम्बर माह में गरीबों का बिजली बिल आएगा जीरो – उज्ज्वला योजना से 450 में मिलेगा गैस सिलेण्डर – मंत्री राजेंद्र शुक्ल

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**(सम्भागीय ब्यूरो)**

**रीवा।** नगर निगम के टाउनहाल में आयोजित समारोह में जनसम्पर्क तथा पीएचई मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने शहरी क्षेत्र के 192 आवासहीनों को आवासीय भूमि के पट्टे वितरित किए। इस अवसर पर मंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि आज का दिन गरीबों के लिए सौगात लेकर आया है। आज नगर निगम रीवा के विभिन्न वार्डों के 192 हितग्राहियों को आवासीय पट्टे प्रदान किए गए हैं। इन्हंर आगे प्रधानमंत्री आवास योजना से पक्का आवास बनाने के लिए राशि दी जाएगी। जो परिवार छूट गए हैं उनका भी सर्वे किया जा रहा है। नगर निगम की बाणसागर कालोनी तथा उद्योग विहार के पास बसे गरीबों को भी 10 दिन में आवासीय पट्टे प्रदान कर दिए जाएंगे। धारणाधिकार योजना से भी पात्र परिवारों को मात्र एक हजार रुपए जमा कराकर एक लाख रुपए की आवासीय जमीन दी जा रही है। मंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि हमारी सरकार गरीबों की चिंता करने वाली सरकार है। सितम्बर माह में



एक किलोवाट तक बिजली की खपत करने वाले सभी परिवारों के बिजली बिल जीरो आएंगे। शहर में तीन स्थानों पर दीनदयाल रसोई संचालित है जिनमें अब केवल 5 रुपए देकर गरीब भरपेट भोजन कर सकेंगे। उज्ज्वला योजना के हितग्राहियों को अब केवल 450 रुपए में गैस सिलेण्डर दिया जाएगा। उनके खाते में गैस सिलेण्डर के अनुदान के रूप में 500 रुपए की राशि प्राप्त होगी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान हमेशा से गरीबों की चिंता की है। गरीबों का जीवन आसान बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से अनेक सुविधाएं दी जा रही हैं। लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाड़ली बहना योजना तथा कन्यादान योजना से महिलाओं का सशक्तीकरण हुआ है। मंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि रीवा में जल्द ही 30 करोड़ रुपए की लागत से आईटी पार्क की



स्थापना की जाएगी। समारोह में नगर निगम के अध्यक्ष श्री व्यंकटेश पाण्डेय ने कहा कि रीवा नगर निगम में जो विकास चारों ओर दिखाई दे रहा है उसका पूरा श्रेय आदरणीय मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल जी को है। नगर निगम की 2003 तक आर्थिक रूप से ऐसी दुर्दशा थी कि सफाईकर्मी भाईयों को 6-6 महीने तक वेतन नहीं दे पाते थे। राजेन्द्र शुक्ल जी ने मंत्री बनते ही चुंगी क्षतिपूर्ति की राशि दिलाकर नगर निगम को आर्थिक संकट से उबारा। नगर निगम ने कई सौ करोड़ के निर्माण कार्य कराए गए हैं। आज नगर निगम क्षेत्र के 192 परिवारों को आवासीय पट्टे दिए जा रहे हैं। नगर निगम में अब तक 923 परिवारों को पट्टे दिए जा चुके हैं। कार्यक्रम में आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन ने प्रधानमंत्री आवास योजना तथा धारणाधिकार योजना की जानकारी देते हुए कहा कि 15 दिनों में सर्वे का कार्य पूरा करके हर पात्र परिवार को आवासी पट्टे प्रदान किए जाएंगे। समारोह में भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम तथा मुख्यमंत्री जी के उद्बोधन का सजीव प्रसारण दिखाया गया। समारोह में नगर निगम कर्मचारी संघ ने मंत्री श्री शुक्ल का अभिनंदन किया। समारोह में नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष श्री दीनानाथ वर्मा, अधीक्षण यंत्री शैलेन्द्र शुक्ल, पार्षदगण वीरेन्द्र सिंह, श्रीमती वंदना सिंह, कैप्टन शालिगराम नापित, श्रीमती ज्योति सिंह, संजय खान, संजय सिंह संजू, दारा सिंह, ज्योति कबीर पासा, अम्बुज रजक तथा बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित रहे।

मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने होटल सेलीब्रेशन में आयोजित की पत्रकार वार्ता

# रीवा में पत्रकारों को दिए जाएंगे आवासीय भूखण्ड – मंत्री राजेंद्र शुक्ल

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**
**(सम्भागीय ब्यूरो)**

**रीवा।** जनसम्पर्क एवं पीएचई मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने होटल सेलीब्रेशन में आयोजित पत्रकार वार्ता में पत्रकारों से जिले के विकास के संबंध में संवाद किया। मंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि रीवा में शीघ्र ही संस्कृत विश्वविद्यालय की स्थापना लक्ष्मणबाग परिसर में की जाएगी। इसके लिए प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री जी 30 सितम्बर को लक्ष्मणबाग परिसर में पाणिनि संस्कृत विश्वविद्यालय केन्द्र का शुभारंभ करेंगे। इसमें प्रारंभ में पाँच पाठ्यक्रमों में पड़ाई शुरू होगी। इसके बाद इसका विश्वविद्यालय के रूप में विकास किया जाएगा। मंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि रीवा में पत्रकारों के लिए आवासीय भूखण्ड प्रदान किए जाएंगे। प्रत्येक भूखण्ड 1375 वर्गफिट का होगा। इसके लिए मैंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। इस संबंध में जो भी कठिनाई होगी उसका निराकरण करके पत्रकारों को आवासीय भूखण्ड प्रदान किए जाएंगे। मंत्री श्री शुक्ल ने पत्रकार वार्ता में कहा कि रीवा में 500 करोड़ रुपए की लागत से हवाई अड्डे का निर्माण किया जा रहा है। इसका निर्माण कार्य मार्च 2024 तक पूरा होगा। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद 72 सीटर हवाई जहाज यहाँ से उड़ान भरेंगे। रीवा में आईटी पार्क की स्थापना के लिए 30 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं। बाणसागर बांध की नहरों से अभी तीन लाख एकड़ में सिंचाई होती है। बहुती नहर का काम तेजी से जारी है। इसका काम पूरा होते ही 6 लाख एकड़ में सिंचाई की सुविधा मिल जाएगी। बाणसागर बांध की नहरों ने जिले में आर्थिक उन्नति के द्वार खोल दिए हैं। जनसंपर्क मंत्री ने कहा कि कैबिनेट की बैठक में रीवा में ग्लोबल स्किल पार्क की स्थापना के

### रीवा में खुलेगा संस्कृत विश्वविद्यालय

लिए 250 करोड़ रूपए की मंजूरी दे दी है। इस पार्क के निर्माण से बड़ी और जटि मशीनों का संचालन करने वाले कुशल व्यक्ति तैयार होंगे। इसकी स्थापना इंजीनियरिंग कालेज



परिसर में की जाएगी। सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल में 84 रिक्त पदों पर भर्ती के निर्देश दिए गए हैं। किडनी ट्रांसप्लांट के लिए डॉक्टरों के पहले बैच ने प्रशिक्षण पूरा कर लिया है। जटिल ऑपरेशन के लिए आधुनिक मशीन लगाई जा रही है। हास्पिटल को 400 बेड का बनाने के लिए शीघ्र ही निर्माण कार्य शुरू होगा। पत्रकार वार्ता में जनसम्पर्क मंत्री ने ने सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल, युवाओं को रोजगार का अवसर देने, आगामी विधानसभा चुनाव, एक देश-एक चुनाव, पत्रकार सुरक्षा के लिए कानून बनाने, पर्यटन के विकास के संबंध में पत्रकारों से चर्चा की। पत्रकार वार्ता में नगर निगम अध्यक्ष श्री व्यंकटेश पाण्डेय, श्री अजय सिंह, प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारगण तथा जनसम्पर्क अधिकारी उपस्थित रहे।

# महिला को निर्वस्त्र घुमाने का मामला, मुख्यमंत्री गहलोत ने सख्त से सख्त कार्यवाही के दिए निर्देश

**पुष्पांजलि टुडे**
**संवाददाता पाली राजस्थान**

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रतापगढ़ जिले के धरियावद थाना क्षेत्र में एक महिला को निर्वस्त्र कर घुमाने के मामले में आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। घटना के सामने आने के बाद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोशल मीडिया पर कहा कि प्रतापगढ़ जिले में पीहर और ससुराल पक्ष के आपसी पारिवारिक विवाद में ससुराल पक्ष के लोगों द्वारा एक महिला को निर्वस्त्र करने का एक वीडियो सामने आया है। पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा को अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (अपराध) एम.एन दिनेश को मौके पर भेजने एवं इस मामले में कड़ी से कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। गहलोत ने कहा कि सभ्य समाज में इस तरह के अपराधियों की कोई जगह नहीं है। इन अपराधियों को जल्द से जल्द सलाखों के पीछे डालकर फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर सजा दिलवाई जाएगी। उधर, इस मामले को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि प्रतापगढ़ जिले में एक गर्भवती युवती को सरेआम निर्वस्त्र करने का अश्लील वीडियो वायरल होता रहा और घटना की प्रशासन को खबर तक नहीं थी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ अपराध ने इस कदर पैर पसारे है कि आए दिन राजस्थान को शर्मिंदा होना पड़ रहा है। महिला अत्याचार में प्रदेश को देश में नंबर एक बनाने की जिम्मेदार स्वयं कांग्रेस सरकार की है। राजे ने कहा कि आखिर ऐसी क्या मजबूरी है कि राजस्थान में बेटियों की लुटती अस्मत और चीखें आपकी कांग्रेस सरकार को सुनाई नहीं देती। मेरी सभी से अपील है कि इस बेटी के साथ जो निंदनीय घटना घटी है, उससे संपूर्ण राजस्थान शर्मसार हुआ है। अपराधियों ने सारी सीमाएँ लांघ दी हैं, लेकिन आप सब कृपया वायरल हो रहे वीडियो को और अधिक पोस्ट ना करें। इसी तरह विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़ ने कहा कि प्रतापगढ़ में महिला के साथ हुए अनाचार की घटना सरकार के माथे पर कलंक और बेहद शर्मनाक है। गहलोत के जंगलराज में कोई दिन ऐसा नहीं गुजरता जब कोई निर्भया कांड आकार नहीं लेता हो। राज्य में बहन बेटियों के साथ अत्याचार की पराकाष्ठा हो गई है। राठौड़ ने कहा कि किसी सभ्य समाज में महिलाओं के साथ ऐसे जघन्य अपराध के लिए कोई स्थान नहीं है। प्रतापगढ़ में ना केवल महिला के साथ अनाचार हुआ बल्कि वीडियो भी वायरल किया गया। उन्होंने कहा कि गृहमंत्री के तौर पर गहलोत पूरी तरह नाकाम और विफल साबित हुए हैं, जिन्हें तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे देना चाहिए। उपनेता प्रतिपक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने आरोप लगाते हुए कहा कि अशोक गहलोत, कोई जवाब है इस हैवानियत का आपके पास। राजस्थान में महिलाओं के प्रति बढ़ते वीभत्स अपराध चीख चीख कर दरिंदगी बयान कर रहे हैं और आप किसी अबला की अस्मत बचाने की बजाय कुर्सी बनाए रखने की सियासत में व्यस्त हैं। उन्होंने कहा कि प्रतापगढ़ में आदिवासी महिला के साथ दुर्व्यवहार की वीडियो देखने के बाद रूह कांप उठती है। अपराधियों के हौंसले इतने बुलंद कि वह अपराध का वीडियो खुलेआम बना रहे है। यह दुर्व्यवहार समाज और लोकतांत्रिक मूल्यों की हार है। डॉ. पूनियां ने राज्य सरकार से अनुरोध किया कि दोषियों को इतनी सख्त सजा दी जाये कि ऐसे अपराधों का विचार आने पर भी अपराधियों के मन में भय उत्पन्न हो जाये।

# विशेष अभियान हुआ सफल – मतदाता सूची में महिलाओं का अनुपात हुआ 904

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**

रीवा। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों के सभी मतदान केन्द्रों में मतदाता सूची का पुनरीक्षण किया जा रहा है। मतदाता सूची के प्रारूप का दो अगस्त को प्रकाशन करके इसमें नाम जो?ने और पृथक करने के आवेदन लगातार प्राप्त किए जा रहे हैं। जिले में एक सितंबर तक 115493 आवेदन पत्र प्राप्त किए गए हैं। छूटे हुए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल करने के लिए जिले भर में 23 से 31 अगस्त तक विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान छूटी हुई महिलाओं के नाम शामिल कराने के लिए विशेष प्रयास किए गए। अभियान के दौरान एक सितंतबर तक शामिल महिला मतदाताओं के नाम के आधार पर मतदाता सूची में लिंगानुपात 886 से ब?कर 904 हो गया है। विशेष अभियान के माध्यम से महिला मतदाताओं के नाम शामिल कराने




को अच्छी सफलता मिली है। जिले भर में लगातार जारी मतदाता जागरूकता अभियान ने भी इस सफलता में योगदान दिया है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि एक सितंबर तक जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 17 लाख 93 हजार है। इनमें 9 लाख 41 हजार 927 पुरूष तथा 8 लाख 51 हजार 58 महिला मतदाता हैं। थर्ड जेंडर के 15 मतदाता सूची में शामिल हैं। इसके आधार पर मतदाता सूची में प्रति हजार पुरूष मतदाताओं पर महिलाओं का अनुपात 904 हो गया है। अभियान के पहले यह अनुपात 886 था। जिले में एक सितंबर को मतदाता सूची में प्रति हजार पुरूषों में महिलाओं का अनुपात विधानसभा क्षेत्र सिरमौर में 883, सेमरिया में 904, त्योंथर में 883, मऊगंज में 909, देवतालाब में 900, मनगवां में 897, रीवा में 943 तथा विधानसभा क्षेत्र गुढ में 910 है।

# आबकारी अधिनियम के अंतर्गत 7 प्रकरण पंजीबद्ध किये गए



**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** कलेक्टर मयंक अग्रवाल द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत जिले में अवैध मदिरा के विरूद्ध निरंतर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी दमोह रवींद्र खरे ने बताया अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्यवाही के क्रम में आबकारी वृत दमोह ब प्रभारी अनुरोध सेन द्वारा जबलपुर नाका एवं पॉलिटेकनिक कॉलेज के पास कुचबंदिया मुहल्ला अंतर्गत अवैध मदिरा संग्रहण एवं अवैध मदिरा विक्रय के विरुद्ध कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में 7 प्रकरण दर्ज कर 35 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 560 किलो ग्राम महुआ लहन बरामद कर मोके पर नष्ट किया। मौका कार्यवाही कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के अंतर्गत 07 प्रकरण पंजीबद्ध किये गए। उक्त कार्यवाही में आबकारी आरक्षक जगदम्बा पांडेय, हरिसिंह घुरैया, कुलदीप कटारे, छोटेलाल चौरसिया एवं नव आरक्षक बल शामिल रहा।

# दीनदयाल रसोई की थाली अब 5 रुपये में मिलेगी :सीएम चौहान

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि दीनदयाल रसोई योजना के अंतर्गत अब 10 रुपये के स्थान पर 5 रुपये की थाली उपलब्ध कराई जाएगी। मजदूरों को कार्य-स्थल के पास ही किफायती दर पर भोजन उपलब्ध करने के लिए नगरीय क्षेत्रों में शीघ्र ही चलित रसोइयां आरंभ की जाएगीं। प्रदेश के सभी नगरीय निकायों को इस योजना में कवर किया जाएगा। प्रदेश की जिन नगर पंचायतों की आबादी 20 हजार से अधिक है, वहाँ भी दीनदयाल रसोई योजना आरंभ की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में दीनदयाल रसोई योजना के तीसरे चरण का शुभारंभ कर प्रदेश की 66 नगरपालिकाओं में स्थाई रसोई केन्द्रों का वर्चुअल शुभारंभ किया तथा 38 हजार से अधिक आवासहीनों को आवास के लिए भूमि के पट्टे वितरित करने की शुरुआत की। मुख्यमंत्री ने कन्या-पूजन तथा दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेंद्र सिंह, चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग, भोपाल की महापौर श्रीमती मालती राय तथा अन्य जन-प्रतिनिधि उपस्थित थे। मुख्यमंत्री चौहान को सुरजना तथा तुलसी का पौधा भेंटकर मंत्री भूपेंद्र सिंह ने स्वागत किया। कार्यक्रम से सभी नगरीय निकाय वर्चुअली जुड़े।

**गरीब को उनके अधिकार देना हमारा कर्तव्य**–मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि आज का



दिन गरीब कल्याण की दृष्टि से ऐतिहासिक दिन है। हमारे आराध्य पं. दीनदयाल उपाध्याय का मानना था कि दरिद्र ही नारायण है और दीन-दुखियों की सेवा ही भगवान की सेवा है। इसीलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार गरीब कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही हैं। धरती के संसाधनों पर सभी का हक है और गरीब को उनके अधिकार देना हमारा कर्तव्य है।

**प्रदेश में कोई भी गरीब, जमीन और मकान के बिना नहीं रहेगा**–मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि हमारा मानना है कि धरती पर जो आया है, उसके रहने के लिए जमीन होना चाहिए। गांव में मुख्यमंत्री भू-अधिकार योजना के अंतर्गत गरीबों को पट्टे दिए जा रहे हैं। शहरों में भी कोई व्यक्ति रहने की जमीन के बिना नहीं रहेगा। शहरों में 23 हजार एकड़ भूमि, माफिया से मुक्त करवाई गई है, जिस पर सुराज कॉलोनियां विकसित की जा रही है। अधिक से अधिक परिवारों को आवास उपलब्ध कराए जाएं इस उद्देश्य से मल्टी स्टोरी बनाने की व्यवस्था भी की गई है। वर्ष 2020 तक के कब्जाधारियों को पट्टा उपलब्ध कराने का अभियान आरंभ किया गया है, उन्हें मकान भी दिए जाएंगे। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत जिनके नाम छूट गए हैं, उन गरीब वंचितों को मुख्यमंत्री जन आवास योजना में आवास उपलब्ध कराए जाएंगे। प्रदेश में कोई भी गरीब, जमीन और मकान के बिना नहीं रहेगा।

**गरीब कल्याण के लिए राज्य सरकार सर्वांगीण व्यवस्था कर रही**–ुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि गरीब कल्याण के लिए राज्य सरकार सर्वांगीण व्यवस्था कर रही है। राशन, आवास के लिए जमीन व मकान, भोजन के लिए दीनदयाल रसोई, इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड, वरिष्ठ जन के लिए तीर्थ-दर्शन योजना, पढ़ाई के लिए विभिन्न प्रोत्साहन, शहरों में रैन बसेरे की व्यवस्था और गरीबों के मेधावी बच्चों के लिए मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना चलाई जा रही है।

# भिण्ड पुलिस ने अवैध हथियार तस्करों पर की बड़ी कार्यवाही

## 39 अवैध हथियार सहित दो आरोपियों को किया गिरफ्तार, पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री ने प्रेस वार्ता में दी जानकारी, एसपी ने 10 हज़ार रुपये के इनाम की,की घोषणा

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । डीजीपी सुधीर कुमार सक्सैना के दिशा-निर्देशन पर मध्य प्रदेश में अपराध पर नियंत्रण व कानून व्यवस्था बनाए रखने और जनता की सहायता के लिये म. प्र. पुलिस सक्रियतापूर्वक कार्य कर रही है। पुलिस महानिरीक्षक चम्बल जोन सुशान्त सक्सैना एवं उप पुलिस महानिरीक्षक सुश्री कृष्णावेनी देसावतु के मार्गदर्शन में नागरिको की सुरक्षा और अपराधो पर अकुंश लगाने के लिये भिण्ड पुलिस निरंतर कारवाई कर रही है। पुलिस मुख्यालय द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव को निर्विघ्न सम्पन्न कराने हेतु सभी जिलो में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था,जिस पर पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक द्वारा समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारियों को मुखबिर तन्त्र विकसित कर कार्यवाही करने के लिये निर्देशित किया गया था।

उक्त सम्बन्ध में मेहगांव अनुविभागीय अधिकारी दीपक तोमर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बरासौ उपनिरीक्षक सीपीएस चौहान को दिनांक 31/08/2023 को मुखविर द्वारा सूचना प्राप्त हुयी कि दो व्यक्ति गोपालपुरा चौराहा से आगे ग्राम गोअरा तरफ आ रहे है जो अलग-अलग अपनी पीठ पर काले रंग का पिट्ठू टांगे हुये जिनमें अवैध हथियार रखे हुये है उक्त सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर निर्देश प्राप्त कर तत्काल थाना प्रभारी बरासौ द्वारा एक टीम बनाकर मुखबिर द्वारा बताये स्थान गोपालपुरा चौराहा से आगे ग्राम गोअरा के पास जाकर देखा तो वहाँ मुखबिर द्वारा बताये गये हुलिये के दो व्यक्ति पिठ्ठू बैग टाँगे हुये खडे दिखे जो पुलिस की गाडी को देखकर भागने का प्रयास करने लगें जिन्हें चारों तरफ से घेराबन्दी कर पुलिस द्वारा पकडा गया व दोनो व्यक्तियों के पिट्ठू बैग की तलाशी




लेने पर एक के बैग में 04 कट्टा 12 बोर के,02 देशी पिस्टल हाथ की बनी और एक 38 बोर देशी हाथ का बना कट्टा तथा 07 देशी कट्टे 315 बोर के मिलें तथा दूसरे व्यक्ति के बैग में 25 कट्टे 315 बोर के मिलें,इस प्रकार दोनो आरोपीगण शशिकांत उर्फ कल्लू पुत्र रामस्वरूप टेनगुरिया उम्र 58 साल निवासी भाटन मोहल्ला मिहोना भिण्ड व अंकित सिंह भदौरिया पुत्र बड़े उर्फ मुन्ना सिंह भदौरिया उम्र 30 साल निवासी सयोडा थाना ऊमरी भिण्ड के कब्जे से कुल 39 अवैध हथियार एवं 07 जिन्दा राउण्ड ( 315 बोर के 05 व 12 बोर के 02 राउण्ड) जप्त कर दोनो आरोपीगणों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध अपराध क्र. 65/2023 धारा 25(1)(ए).5.25 (1-बी) (ए). 3. 26 आयुध अधिनियम पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। हथियार लाने के स्रोत व खपाने के स्थानों के बारे में विस्तृत पूछताछ जारी है।

**बरामद मशरुका-** 32 देशी कट्टा 315 बोर, 04 कट्टा 12 बोर,01 कट्टा 38 बोर,02 पिस्टल 32 बोर,07 जिन्दा राउण्ड ( 05 राउण्ड 315 बोर, 02 राउण्ड 12 बोर ) कुल बरामद माल जप्त माल की अनुमानित कीमत- 2.5 लाख रुपये । उक्त सम्बन्ध में आरोपियों से पूछताछ की जा रही है आरोपी आदतन अपराधी है जिसमें से एक के विरुद्ध पूर्व में भी जिले में हथियार तस्करी के अपराध कायम है साथ ही जिला खरगौन के भीकन गाँव थाना से दो अपराधों में स्थायी वारण्ट पर से फरार है तथा अन्य थानो में भी हथियार तस्करी के अपराध पंजीबद्ध है जिसकी जानकारी एकत्रित की जा रही है। साथ ही दूसरा आरोपी थाना उमरी से हत्या के प्रयास के अपराध में बर्ष 2020 से फरार था जिस पर पुलिस अधीक्षक भिण्ड द्वारा 3000 रुपये का ईनामी भी घोषित था तथा थाना ऊमरी से ही एक स्थायी वारण्ट में भी फरार चल रहा था। आरोपियों से पूछताछ जारी है जिसमें और भी खुलाशे होने की सम्भावना है।

**सराहनीय भूमिका-** उक्त उल्लेखनीय कार्य में थाना प्रभारी बरासौ उपनिरीक्षक सीपीएस चौहान, एएसआई दलवीर सिंह तोमर,प्रधान आरक्षक जुगराज सिंह चौहान,नीरज सिंह, आरक्षक रायसिंह गुर्जर,आशीष सिंह तोमर,अजीत कुमार व सायवर सेल एसआई दीपेंद्र यादव,शिवप्रताप सिंह राजावत व टीम की सराहनीय भूमिका रही हैं।



## अमायन पुलिस ने आठ माह से फरार चल रहे दो हजार रूपये के इनामी आरोपी को धर दबोचा

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक एवं मेहगांव एसडीओपी दीपक तोमर के मार्गदर्शन में चलाये जा रहे फरारी इनामी आरोपियों की धरपकड के पालन में आज दिनांक 02/09/23 को 2000 रूपये के इनामी आरोपी को किया गिरफ्तार । दिनांक 02/09/23 को थाना अमायन के अप.क्र. 121/22 धारा 307,323,324,336,34 भादवि इजाफा धारा 201 भादवि. 25,27 आर्म्स एक्ट में फरार चल रहे 2000 रूपये के इनामी आरोपी को आतौ अमायन रोड से गिरफ्तार किया गया जिसे दिनांक 02/09/23 को न्यायालय पेश किया जा रहा है। उक्त उल्लेखनीय कार्य में अमायन थाना प्रभारी उपनिरीक्षक रवि तोमर,का. प्रधान आरक्षक जगन सिंह भदौरिया, कमलेश सिंह,आरक्षक जीतू यादव, चालक शिशुपाल सिंह की सराहनीय भूमिका रही है।




## महेंद्र सिंह राजपुरोहित को किया सम्मानित

**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलोर/** बिजनेस एक्सीलेंस अवार्ड 2023 कार्यक्रम का आयोजन बेंगलुरु के रेजीडेन्सी रोड पर एक होटल में किया गया द्य कार्यक्रम में बन्नूर के डॉ.के.महेंद्र सिंह कलप्पा को सामाजिक कार्यो में उत्कृष्ट सेवाएं देने पर अवार्ड दिया गया द्य कालप्पा ने कहा मैं कोई सामाजिक कार्यकर्ता नहीं हूं, बल्कि आप सभी का,आम लोगों का सेवक हूं। आज इस समारोह में मेरी सेवा को मान्यता देकर और ये पुरस्कार देते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है कि मेरे जैसे सैकड़ों लोग हैं जो विभिन्न क्षेत्रों में सेवा में लगे हुए हैं द्य मुझे खुशी हैं कि आपने मेरी पहचान कर मुझे सम्मानित किया है द्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माननीय परिवहन एवं मुजाराय मंत्री रामलिंग रैड्डी, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी हेब्बलकर,प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता एवं निर्देशक रमेश अरविंद, प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री आशा, एच.वी.धर्मेश, हरिप्रकाश, सीईओ, संतोष कंवर, विराट सिंह,वन्या कंवर,और अन्य उपस्थित रहे।

## चित्रकूट विधानसभा से चुनाव लड़ने सुभाष शर्मा डोली ने भरी हुंकार

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**



सतना - जिले के चित्रकूट विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्यासी के खिलाफ चुनाव लडने कि हुंकार भरने वाले भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य सुभाष शर्मा डोली विधानसभा क्षेत्र के सग्गर बाबा आश्रम में सभा करने विशाल जन समूह के साथ आज दोपहर हुए रवाना, डोली के काफिले का किटहा,अमिलपुर चिल्ला ,जैतवारा, एवं नयागांव जैसे ग्रामों में ग्रामीणों ने जगह - जगह किया स्वागत। तदोपरांत सग्गर बाबा आश्रम में सुभाष शर्मा डोली ने विशाल जन सभा को संबोधित कर भाजपा प्रत्यासी के विरुद्ध चुनाव लडने कि भरी हुंकार। आयोजित सभा में आस पास के दर्जनों ग्राम पंचायतों के सरपंचो समेत हजारों की संख्यां में लोग रहे मौजूद।

## सम्पूर्ण विन्ध्य में बिजली व्यवस्था चौपट, बिजली नहीं तो बिल नही के नारे के साथ समूचे विन्ध्य में 15 सितंबर को होगा आगाजः नारायण त्रिपाठी

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

एक ओर जहाँ महंगाई की मार ने आमजन के जीना मुहाल कर रखा है तो वही दूसरी ओर सूखा की मार झेल रहे समूचे विन्ध्य के अन्नदाता के माथे की चिंता बड़ा दी है। बेलगाम विद्युत अधिकारियो की बदौलत समूचे विन्ध्य में सरकार के रामराज्य के खिलाफ असंतोष पनप रहा है। विद्युत की उपजी समस्या जन आक्रोश का रूप ले रही है जो बड़े जन आंदोलन का रूप लेने को आतुर नजर आ रही है। लो वोल्टेज,जले ट्रांसफार्मर,बिजली के तार खम्भो की समस्या,बिजली की आंख मिचौली से हा हा कार मचा हुआ है लोग गर्मी से बेहाल है तो कर्ज में डूबा किसान अपनी नष्ट होती फसलों को देख व्याकुल है वही विभाग के अधिकारी और सरकार



रामराज्य का उद्घोष करने में मशगूल है। जिम्मेवार अधिकारी समस्या के समाधान की जगह जनता जनार्दन से दूरी बना के रखे है जिम्मेवारो का यह कृत्य न तो जिम्मेवारो के लिए हितकर है न ही सरकार के लिए। आज सरकार के हर माह दिए जाने वाले लंबे चौड़े बिल से जनता जनार्दन परेसान है चौखट दर चौखट भटकने को मजबूर है कोई सुनने वाला नही समाधान का कोई रास्ता नही। विधायक नारायण त्रिपाठी ने कहा कि अगर 10 दिवस के अंदर समूचे विन्ध्य में बिजली की समस्या से अन्नदाता सहित आमजन को निजात नही दिलाई जाती तो 15 सितम्बर को सम्पूर्ण विन्ध्य में बिजली नही तो बिल नही केके उद्घोष के साथ बृहद जन आंदोलन किया जाएगा इसलिए मेरी माननीय मुख्यमंत्री जी से विनम्र अपील है कि इस बृहद जन समस्या का तत्काल निराकरण किया जाय।

## सुनना भी एक साधना है: संत शीतल राजाराम

**पुष्पाजंली टुडे**



**बेंगलुरू ।** सीरवी समाज एच.एस.आर ले आऊट वडेर के तत्वाधान में चातुर्मास विराजित संत शीतल राजाराम महाराज पुष्कर धाम ने प्रवचन में कहा कि जब भी जिंदगी में संकट आता है, तो सहनशक्ति पैदा करो। जो सहता है वही रहता है। जीवन परिवर्तन के लिए सुनने की आदत डालो। सुनना भी एक साधना है। चिंतन बदलो तो सबकुछ बदल जाएगा। इससे रंग नहीं, तो कम से कम जीने का ढंग तो बदल ही सकता है। कथा के दौरान भजन गायक महेंद्र नाथ ,पुनम जांगिड़ ने राजस्थानी लोक भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर संस्था के सचिव लक्ष्मणराम आगलेचा, सहसचिव छेलाराम काग, उपाध्यक्ष भुण्डाराम हाम्बड़, नवयुवक मंडल के अध्यक्ष महेंद्र राठौड़, सचिव मदनलाल राठौड़, मंगलाराम सोलंकी, ओगडराम राठौड़ एंव पटेल समाज के थानाराम, घाची समाज के मदनलाल उपस्थित रहें।

## बलेपेट भवन में मीरा चरित्र कथा को सुनने उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलुरू।** सीरवी समाज ट्रस्ट कर्नाटक बलेपेट वडेर भवन में चातुर्मास विराजित संत रामप्रकाश महाराज ने कथा के दौरान कहा कि कलयुग में हम जैसे साधारण लोगों के लिए मीरा का चरित्र आदर्श चरित्र है। सतयुग, त्रेता और द्वापर युग के भक्तों के साध्य युक्त चरित्रों का अनुकरण करना कठिन है, पर कलयुग में हरि नाम और भक्तवंत मीराबाई जैसी महाभक्तों की भक्तिमय कथा के श्रवण से भगवत कृपा प्राप्त की जा सकती है। कथा के दौरान कथावाचक संत रामप्रकाश ने मीरा के पूर्व जन्म की कथा का वर्णन किया। इस कार्यक्रम में बलेपेट वडेर के पूर्व सचिव नारायणलाल लचेटा ने कथा के दौरान मिठे रच सु भरियोड़ी राधा राणी लागे÷ ओ म्होनें काळों-काळों जमना जीरों पाणी लागें राजस्थानी भजनों की प्रस्तुति पर महिलाओं ने भक्तिमय होकर नृत्य किया। इस अवसर पर वडेर के अध्यक्ष हरीराम गेहलोत, सचिव अमराराम चोयल, उपाध्यक्ष अन्नाराम परिहारिया, सह-सचिव भंवरलाल गेहलोत, शेषाराम भायल, ओमप्रकाश बर्फा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## शा.उ.मा.हाईस्कूल पहुँचे मेडिकल ऑफिसर डॉ सोनू शर्मा

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**



दबोह। नगर दबोह शा.उ.मा. हाईस्कूल पहुँचे मेडिकल ऑफिसर डॉ सोनू शर्मा आज शनिवार को दबोह मेडिकल ऑफिसर डॉ सोनू शर्मा ने पहुंचकर बच्चों को बताया शिक्षा व्यवस्था में सुधार को लेकर इन दिनों वरिष्ठ अधिकारी लगातार विद्यालयों का निरीक्षण कर रहे हैं।छात्राओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो,शनिवार को मेडिकल ऑफिसर डॉ सोनू शर्मा ने छात्रों से कई अहम सवाल भी पूछे जिसका बच्चों ने सीधी तरह से जवाब दे दिया एवं आगे बड़ने के लिए शिक्षा का महत्व बताया।डॉ सोनू शर्मा ने कहा किसी भी प्रकार की सलाह सुझाव लेना हो वेझिझक होकर मुझसे पूछ सकते है शा.उ.मा. हाईस्कूल के प्राचार्य जे.आर निराला को विधालय के लिए मेडिकल किट भेट की।उन्होंने कहा हमारा उद्देश्य पड़ेगा इण्डिया बड़ेगा इण्डिया,गरीब,अनाथ आदि छात्र छात्राओं एवं उनके परिवार बालो के साथ डॉ सोनू शर्मा 24 घंटे सेवा में उपलब्ध हैं।

# राजस्व एवं पुलिस अधिकारी विधानसभा निर्वाचन में कोर्डिनेशन के साथ कार्य करें: एसडीएम अरबिन्द माहौर

## बिधान सभा चुनाव स्बतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्ति पूर्ण सम्पन्न कराना जबाब देही समझें:एसडीओपी रबि भदौरिया अम्बाह

**केशब पंडित जी अम्बाह...**

अम्बाह। 2 सितम्बर 2023 आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तथा पारदर्शी संपन्न कराने के लिये राजस्व एवं पुलिस अधिकारी कॉर्डिनेशन के साथ कार्य करें। चुनाव आयोग के नियमों के तहत बिंदुवार प्रत्येक जानकारी को पेपर पर सुरक्षित रखें। यह निर्देश अम्बाह एसडीएम अरबिन्द माहौर ने शनिवार को मिढेला रोज नबीन तहसील सभाकक्ष में राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों को दिये। इस अवसर पर उप पुलिस अधीक्षक रबि भदौरिया अम्बाह थाना प्रभारी अमित भदौरिया, समस्त रिटर्निंग आफीसर, सहायक रिटर्निंग ऑफीसर, पुलिस एवं अम्बाह डिबीजन थाना प्रभारी उपस्थित थे।

एसडीएम अरबिन्द माहौर ने कहा कि चुनाव में हर बिंदुओं को अधिकारी गंभीरता से ले यह नहीं सोचे कि यह कार्य मेरा नहीं है। चाहे राजस्व या पुलिस अधिकारी क्यों न हो आपत्ति विपत्ति पर हर अधिकारी, कर्मचारी, पुलिस कर्मचारी को चुनाव संबंधी सभी कार्य आने चाहिये। उन्होंने कहा कि सेक्टर ऑफीसर राजस्व एवं पुलिस की थाना प्रभारी प्रतिदिन 5 मिनट रिव्यू बैठक करें। सेक्टर ऑफीसर के क्षेत्र से संबंधित सभी बिंदुओं का निचोड़ प्राप्त कर लें। उन्हौने कहा कि चुनाव में कोई ऐसी गलती न करें जिसके लिये आयोग की नजरों में अम्बाह डिबीजन की किरकिरी हो। उन्होंने कहा कि राजस्व एवं पुलिस अधिकारी स्वयं मतदान केन्द्रों का भ्रमण करें। मतदान केन्द्रों पर विद्युत, पानी, रैंप, मच्छर जाली आदि लगा दी गई होंगी। यह भी अपने संज्ञान में रखें कि जहां यह व्यवस्था नहीं हुई हो उसे रिटर्निंग ऑफीसर को अवगत करायें। एसडीएम ने कहा कि चुनाव में किसी भी प्रकार की गलती क्षम्य नहीं होगी। इसलिये हर किये गये कार्य को पेपर पर जरूर नोटिस करें। और पुलिस अधिकारियों को निर्देश





दिये कि सुरक्षा की दृष्टि से अपने अपने क्षेत्र के मतदान केन्द्रों के नजरी नक्शा बनाकर संबंधित रिटर्निंग ऑफीसर को उपलब्ध करायें ताकि मतदान के दौरान ईव्हीएम, खिड़की आदि के पास नहीं लगाना पड़े। खिड़की आदि है तो ईव्हीएम लगाने का स्थान बदल दें। बैठक में एसडीएम ने गैर जमानती वांटर तामीली थानावार, जिला बदर एवं एन.एस.ए. थानावार, बल्नरेवल व किटिकल मतदान केन्द्र की जानकारी संयुक्त हस्ताक्षर से, मतदान केन्द्र संयुक्त भ्रमण राजस्व अधिकारी, पुलिस अधिकारियों, आर्म्स का निलंबन (किमिनल) संबंधित, थाने पर जमा हथियारों की जानकारी, चैक पोस्ट व नाके, शराब दुकानों व जप्ती की जानकारी थानावार, अवकारी विभाग द्वारा शराब जप्ती की जानकारी, शराब संबंधी दुकाने, शेडो एरिया, ऐसे लोगों की पहचान करना जो निर्वाचन को प्रभावित कर सकते हैं (दंबग व्यक्तियों की सूचीकरण) थानावार, पुलिस फोर्स को ठहरने की व्यवस्था हेतु स्थानों का चयन, व्यय संवेदनशील पॉकेटों के चयन, मोटर व्हिकल एक्ट के अन्तर्गत कार्यवाही, व विधानसभावार, जानकारी तैयार कर उपलब्ध कराने के बिंदुओं पर विस्तार से समझाइश दी। एसडीओपी अम्बाह रबि भदौरिया ने कहा कि चुनाव से पहले वलनरेबल बूथ के रूप में वैसे मतदान केंद्रों को चिह्नित किया जाना है जहां किसी खास जाति विशेष की दबंगता चलती हो और पिछले चुनाव में कमजोर वर्ग के मतदाताओं को मतदान से वंचित किया गया हो। इसके साथ ही मतदान का प्रतिशत उन मतदान केंद्रों पर कमजोर वर्गों का कम तथा बाहुल्य जाति के मतदाताओं का मतदान प्रतिशत अधिक रहा हो। इसके अलावा दबंगों अथवा आपराधिक किस्म के लोगों द्वारा वोटरों को डराने धमकाने की पुरानी घटना तथा संभावना के मद्देनजर भी वैसे मतदान केंद्रों को वलनरेबल बूथ के रूप में चिन्हित किया जाना है। उन्होंने कहा कि डिबीजन में जितने वल्नरेबल स्थानों को चिन्हित किया है उनमें यह सुनिश्चित कर लें कि पंचायतें, मजरा या पूरा गांव वल्नरेबल है। यह भी मैपिंग होना चाहिये।

## जिला जेल में मानव उत्थान सेवा समिति आश्रम द्वारा कैदी भाईयो को रक्षा सुत्र बांधकर मिठाई बांटी

**खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजलि टुडे**



**खरगोन।** मानव उत्थान सेवा समिति आश्रम खरगोन से संत महात्मा धारा बाइजी और ज्ञान निधि बाइजी द्वारा जिला जेल परिसर में कैदी भाईयो एवं बहनों को और समस्त स्टाप को रक्षा बंधन के शुभ अवसर पर रक्षा सुत्र बांध कर संदेश दिया कि आप अपने जीवन में परिवर्तन लाए यहां से रिहा होकर अपने माता पिता बच्चों की सेवा करना और समाज में इंसानियत का परिचय देकर राष्ट्र की सेवा में अपना योगदान देना, संतो ने सभी बंदी गृहीयो को मिठाई भी प्रशाद स्वरूप बांटी। जिला जेल अधीक्षक जे आर मंडलोई, मानवाधिकार सुरक्षा संघ के जिलाध्यक्ष कमल कुमार गांगले, जिलासचिव धर्मेंद्र वर्मा, गौतम गांगले,अर्जुन नागवंशी, राजकुंवर बाई,और जेल शिक्षक सुरेंद्र गाडगे सहित समस्त स्टाप भी मौजूद था।

# मोदी 'अभिनंदन' सत्र

दुनिया को 9-10 सितंबर 2023 के 48 घंटों में 'विश्वपिता' मिलने वाले है! हां, इन दो दिनों में राष्ट्रपति जो बाइडेन, राष्ट्रपति मैक्रों, प्रधानमंत्री ऋषि सुनक याकि पृथ्वी के महाशक्ति देशों, अमीरों, ज्ञान-विज्ञान और बुद्धिमना लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से वह ज्ञान, वे गुरूमंत्र, वह दिशा मिलने वाली है, जैसे भारत को आजादी से पहले मोहनदास करमचंद गांधी से रामराज्य की दिशा मिली थी और वे हमारे राष्ट्रपिता हुए। वैसे ही जी-20 देशों के समूह के बतौर अध्यक्ष नरेंद्र दामोदरदास मोदी से विश्व को गुरूमंत्र मिलेंगे तो स्वाभाविक जो वे विश्व के पिता कहलाएं। विश्वपिता नरेंद्र मोदी। आखिर हम फील कर रहे हैं कि नरेंद्र मोदी से भारत में अमृतकाल है। मोदीजी ने रामराज्य से भी ऊंचा भारत का अमृतकाल बना दिया है। अमृतकाल से भारत का चंद्रयान चंद्रमा पर दौड़ रहा है। मोदीजी ऐसा अमृत चखा जा रहे हैं कि पच्चीस साल बाद 160 करोड़ लोगों का भारत, जहां विकसित होगा वही फिर हजार साल भव्य भारत की किस्मत रचियता भी नरेंद्र मोदी! जब इतने कीर्तिमान तो विश्वपिता नरेंद्र मोदी के अभिनंदन में संसद का विशेष सत्र क्यों नहीं?

हो सकता है मैं गलत होऊं, लेकिन मैं यही उद्देश्य 18 से 22 सितंबर के विशेष सत्र का मान रहा हूं। नरेंद्र मोदी का कमाल है जो दुनिया को टोपी पहना रहे हैं, भारत को टोपी पहना रहे है तो वे भला क्यों न विश्वनेता, विश्वनियंता, विश्वपिता की टोपी पहनें! पंडित नेहरू ने दुनिया के गरीब-कंगले निर्गुट देशों की नेतागिरी की थी लेकिन नरेंद्र मोदी तो अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, चीन, रूस (भले इनके नेता वर्चुअल जुड़ें) जैसे अमीरों-महाशक्तियों को गुरू मंत्र दे रहे हैं। उनके आगे ट्रंप और बाइडेन राजभोग लगाते हैं। शी जिनफिंग के साथ वे झूला झूलते हैं। पुतिन उनके लिए दौड़े चले आते हैं? याद करे ऐसा महत्त्व महात्मा गांधी को कभी दिया? तो गांधी को भले हम राष्ट्रपिता कहें, नरेंद्र मोदी




को तो विश्वपिता का मान देना होगा। तभी भारत की संसद अपने विशेष सत्र में सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित करे कि मोदीजी आप हमारे कल्कि भगवान अवतार और पृथ्वी के विश्वपिता।

सोचें, जब भारत की धरती पर 9-10 सितंबर को विश्वनेता मोदीजी के दिए अमृत को चखेंगे तो विश्व का क्या अमृतकाल शुरू नहीं होगा? अमृत भारत, विकसित भारत, भव्य भारत बना देने, 140 करोड़ लोगों के अच्छे-सुनहरे दिन लिवा लाने के बाद पृथ्वी भी यदि अमृतकाल फील करें तो नरेंद्र मोदी का अभिनंदन जायज होगा या नहीं? तब भला मोदीजी को भारत रत्न से नवाजने या संसद भवन की नई संसद इमारत के ठीक सामने महात्मा गांधी से बड़ी उनकी मूर्ति स्थापना का कर्तव्य होगा या नहीं?

संभव है पाठकों को यह सब व्यंग्य लग रहा हो! मगर जरा भक्तों का दिल-दिमाग टटोलें, गुलामी और गंवारपने में पकी खोपड़ियों का अंतर्मन बूझें तो क्षण भर में समझ आएगा कि जगतपिता, विश्वपिता नरेंद्र मोदी का तो रामजी से बड़ा मंदिर बनना चाहिए। सोचें, यदि मोदीजी हम हिंदुओं के कृपानिधान नहीं बनते तो क्या रामजी को उनका मंदिर मिलता? जिनके हाथों रामजी का उद्धार हुआ वे तो अपने आप पृथ्वीपालक विश्वपिता। बेचारे महात्मा गांधी, सरदार पटेल, पंडित नेहरू या सावरकर, गुरू गोलवलकर, अटल बिहारी वाजपेयी आदि कहां मोदीजी के आगे टिकेंगे। जब महाशक्तियों के विश्व नेता दिल्ली आ कर मोदीजी से विश्व दर्शन प्राप्त कर रहे हैं तो हमारे स्पीकर ओम बिड़लाजी, जगदीप धनकड़जी, केबिनेट के मंत्रीगण, सांसदगण भला क्यों प्रधानमंत्रीजी की आरती के लिए विशेष सत्र भी न बुलाएं?

सो, सस्पेंस में रहने की जरूरत नहीं है। हम सब नरेंद्र मोदी की गुजरात के वक्त से भूख देखते हुए हैं। भाग्य के धनी नरेंद्र मोदी गुजरात में रहते हुए भी प्रसिद्धि के भूखे थे। वे तब भी उतने ही इवेंट क्रिएट करते थे, जितनी प्रधानमंत्री बनने के बाद किए हैं। और यदि 2024 में वे वापिस प्रधानमंत्री बने तो तय मानें कि वे विश्वपिता के बाद ब्रह्माण्डपिता बनने का अमृतकाल बनाएंगे। विश्व का अमृतकाल तो होगा ही बल्कि चंद्रयान, सूर्ययान, शनियान, शुक्रयान, मंगलयान लांच कर-करके उन तमाम ज्योतिषियों को फेल कर देंगे, जो लिखते है कि मोदीजी की शनि या शुक्र दशा है तथा इनके चलते उनके साथ फलां-फलां होगा। देखा नहीं चंद्रयान के बाद चारण मीडिया सूर्य को भी देख लेने के कैसे-कैसे फट्टे मार रहा है। ऐसे-ऐसे एक ग्रह को मोदीजी देख लेंगे तथा सभी ग्रहों के वे नियंत्रक देवता होंगे। हां, मोदी हैं तो सब मुमकिन है।

व्यंग्य आ गया है। मगर भक्त से पूछिए, वह विस्तार से समझा देगा कि नौ ग्रह से बड़ा ग्रह हैं नरेंद्र मोदी। राहु-केतु, शनि-शुक्र तो मोदीजी के आगे पानी भरते हुए हैं। देख नहीं रहे हैं भारत के 140 करोड़ लोगों के कैसे अकेले ही राहु-केतु, शनि सब हैं। बहरहाल, वक्त आ गया है जो हम भारतीयों को मोदीजी के लिए 'विश्वपिता नरेंद्र मोदी' का जुमला जुबान पर चढ़ा लेना चाहिए।

# वन नेशन, वन इलेक्शन का शिगूफा?

संसद के विशेष सत्र के साथ ऐसे किसी मकसद की बात अपने को नहीं जमती है। हालांकि मोदी हैं तो सब मुमकिन है (जैसे अमृतकाल, विश्वगुरू, विश्वपिता आदि-आदि) बावजूद इसके संविधान संशोधन के लिए दोनों सदनों में दो-तिहाई बहुमत चाहिए। सत्र पांच दिन का है और जब संसद के सामान्य सत्र में शांति से काम नहीं होता है तो बिना एजेंडे के विशेष सत्र में शुरुआती दिन विपक्ष अडानी, मंहगाई, मणिपुर आदि पर हंगामा न करें, यह भला कैसे संभव? चारण मीडिया ने सभी चुनाव एक साथ कराने, महिला आरक्षण बिल, आरक्षण के भीतर आरक्षण या भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने या संसदीय व्यवस्था की जगह नई व्यवस्था मतलब राष्ट्रपति प्रणाली के प्रस्ताव या किसी अफसर के लिए विशेष पोस्ट क्रिएट करने जैसी कई अटकलें चलाई हैं। इन सबका मतलब नहीं है।

क्यों? पहली बात, छोटे काम अध्यादेश जारी करके भी हो सकते हैं। ऐसे काम के लिए विशेष सत्र बेतुकी बात है। फिर महीने बाद यों भी संसद का शीतकालीन सत्र होना है। दो-तिहाई बहुमत से पास होने वाले संविधान संशोधन का काम पांच दिन के सत्र में संभव नहीं है।

तभी अपना मानना है कि जी-20 के सफलतापूर्वक संपन्न होने, चंद्रयान के मिशन की वाह के धन्यवाद प्रस्ताव जैसे मकसद का यह सत्र होगा। इसके हवाले प्रधानमंत्री भाषण करके अपना यशोगान बनवाएंगे। सर्वसम्मति से भारत के वैज्ञानिकों व प्रधानमंत्री की वाह का प्रस्ताव पारित होगा। मेरा मानना है कि यदि चीन के राष्ट्रपति शी जिनफिंग जी-20 की बैठक में दिल्ली नहीं आते है। रूस के पुतिन और चीन की शी जिनफिंग गैर-मौजूद रह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मजा किरकिरा करते है तो संभव है अरूणाचल प्रदेश व अक्साई चिन को नए नक्शे में दिखलाने की चीनी हिमाकत की भर्त्सना का प्रस्ताव संसद में रखवाया जाए। स्वाभाविक जो वह सर्वसम्मति से पारित हो।

अपनी जगह दमदार तर्क है कि विधानसभा चुनावों में भाजपा को मुश्किल है। इसलिए मोदी विधानसभा व लोकसभा चुनाव साथ कराने की उधेड़बुन में है। ध्यान रहे इस विशेष सत्र के बाद नवंबर-दिसंबर में शीतकालीन सत्र की जरूरत नहीं होगी। पांच विधानसभा चुनावों में से यदि भाजपा दो-तीन विधानसभा चुनावों में हारती है तो बड़ी किरकिरी होगी। इसलिए मोदी-शाह सोच सकते हैं कि राममंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद फरवरी-मार्च में विधानसभा और लोकसभा चुनाव साथ-साथ हो। सरकार को चुनाव आयोग की चिंता नहीं है। दिक्कत लोगों के मूड से है। विधानसभा चुनाव टालें या वन नेशन, वन इलेक्शन जैसी बातों से जनता में यह मैसेज बनेगा कि मोदी सरकार विधानसभाओं में हार रही है इसलिए इधर-उधर के रास्ते तलाश रही है। ग्राफ और डाउन होगा। अपना मानना है कि मोदी-शाह विधानसभा चुनावों को जीतने के विश्वास में है। जीतने के लिए येन-केन सभी जुगाड़ होंगे। तभी विशेष सत्र से हवा बनाने के मतलब वाह-वाही, विश्वगुरू बनने, विश्व पिता बनने जैसे यशोगान होंगे न कि कोई ठोस काम या परिवर्तन।

गपशप

# विशेष सत्र क्या चुनावी इवेंट?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की भाजपा का अर्थ हैं इवेंट क्रिएट पार्टी? सूखे तालाब की भी भरे-पूरे बांध की झांकी बना डालना। हर मौके, बड़ी घटना को इवेंट में बदल देने का नाम भाजपा। प्रधानमंत्री विदेश जाते हैं तो उसे इवेंट बनाया जाता है। एयरपोर्ट के बाहर प्रवासी भारतीयों से नारे लगवाए जाते हैं। प्रधानमंत्री विदेश से लौटते हैं तो हवाईअड्डे पर हजारों लोगों को लेकर जेपी नड्डा इवेंट क्रिएट करते हैं। चंद्रयान-दो पूरी तरह से सफल नहीं हुआ तब भी इसरो के वैज्ञानिकों के आंसू पोंछने का इवेंट हुआ तो चंद्रयान-तीन की सफलता पर खुशी के आंसू बहाने का इवेंट हुआ। तभी जी-20 की बैठक महा इवेंट है। इसलिए इसकी शान में लगता है कि 18 से 22 सितंबर का विशेष सत्र भी एक इवेंट होगा। इसके आगे भी एक के बाद एक इवेंट। ताकि लोकसभा चुनाव तक लगातार इवेंट्स को देख जनता गद्गद भाव सोचे कि नरेंद्र मोदी के अलावा दूसरा है कौन?

यह संभवतः पहली बार है कि संसद के विशेष सत्र को बुलाने की घोषणा हुई लेकिन एजेंडा नहीं बताया गया। पहले भी संसद के विशेष सत्र होते रहे हैं। भारत छोड़ो आंदोलन के 50 साल पूरे होने पर, संविधान के 70 साल होने पर या जीएसटी लागू करने पर विशेष सत्र बुलाया गया था। लेकिन तब सबको विशेष सत्र का एजेंडा पहले से पता था। इस बार संसदीय कार्य मंत्री ने सिर्फ इतना कहा है कि पांच दिन का विशेष सत्र होगा और अमृतकाल में सार्थक चर्चा की उम्मीद है। अमृतकाल में सार्थक चर्चा का क्या मतलब निकाला जाए? अभी 11 अगस्त को संसद का मानसून सत्र खत्म हुआ। पर उसमें तो कोई सार्थक चर्चा नहीं हुई! मणिपुर जैसे ज्वलंत मुद्दे पर प्रधानमंत्री का बयान कराने के लिए विपक्ष को अविश्वास प्रस्ताव लाना पड़ा था। मतलब मानसून सत्र की 17 बैठकों में जब सार्थक चर्चा नहीं हुई तो पांच बैठकों में क्या सार्थक करना है?

सार्थक चर्चा के नाम पर बुलाई गई विशेष बैठक को लेकर सबके अपने अपने अनुमान हैं। लेकिन सबसे सटीक अनुमान यही है कि सरकार को इवेंट क्रिएट करना है। प्रधानमंत्री ने लाल किले से 2047 तक विकसित भारत और उसके बाद एक हजार साल के भव्य भारत की घोषणा की हुई है। सो भव्य भारत पर चर्चा कराई जा सकती है। इसका एक मकसद घरेलू और वैश्विक उपलब्धियों का डंका बजाना है। जी-20 की सफलता और चंद्रयान-तीन की सफलता को लेकर प्रधानमंत्री की जय-जयकार करनी है। उनको विश्वगुरू, विश्वमित्र या विश्वपिता की उपाधि से सम्मानित करना है। चूंकि नवंबर में पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं इसलिए उससे पहले ऐसा इवेंट करना है, जिसकी गूंज इन पांचों राज्यों में सुनाई दे। ध्यान रहे नवंबर के अंत तक इन राज्यों के चुनाव चलेंगे इसलिए संभव है कि संसद का शीतकालीन सत्र देरी से हो। पिछले साल भी गुजरात और हिमाचल

*सार्थक चर्चा के नाम पर बुलाई गई विशेष बैठक को लेकर सबके अपने अपने अनुमान हैं। लेकिन सबसे सटीक अनुमान यही है कि सरकार को इवेंट क्रिएट करना है। प्रधानमंत्री ने लाल किले से 2047 तक विकसित भारत और उसके बाद एक हजार साल के भव्य भारत की घोषणा की हुई है। सो भव्य भारत पर चर्चा कराई जा सकती है। इसका एक मकसद घरेलू और वैश्विक उपलब्धियों का डंका बजाना है।*

प्रदेश के चुनाव की वजह से संसद का शीतकालीन सत्र सात दिसंबर को शुरू हुआ था। इस साल तो पांच राज्यों के चुनाव हो रहे हैं इसलिए शीतकालीन सत्र में देरी स्वाभाविक होगी। उससे पहले विशेष सत्र बुला कर उपलब्धियों का गौरवगान एक चुनावी रणनीति हो सकती है।

चूंकि सरकार ने एजेंडा नहीं बताया है इसलिए अटकलें हैं। अगर अटकलों की बात करें तो कोई बड़ा विधायी काम हो सकता है। सरकार कोई ऐसा बिल ला सकती है, जो पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव और अगले साल के लोकसभा चुनाव के लिए मास्टरस्ट्रोक की तरह हो। मिसाल के तौर पर महिला आरक्षण विधेयक हो सकता है। पिछले कुछ समय से सारे फैसले महिलाओं को लेकर किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने इसरो में महिला शक्ति को नमन किया तो रक्षाबंधन के मौके पर बहनों को तोहफा देने के लिए रसोई गैस सिलिंडर पर दो सौ रुपए की कमी की गई। मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान लाड़ली बहन योजना चला रहे हैं तो पिछले दिनों कर्नाटक में कांग्रेस ने गृह लक्ष्मी योजना शुरू की। संसद का विशेष सत्र ऐसे समय में हो रहा है, जब देश के बड़े हिस्से में गौरी-गणेश की पूजा होती है। सो, महिला बिल एक दांव हो सकता है। कांग्रेस ने इस बिल को लोकसभा में पास कराया था। राज्यसभा में वह अटका। सरकार ने सदन में इसे पास कराया तो स्वभाविक को कांग्रेस को समर्थन करना होगा जबकि महिला आरक्षण विरोधी मंडलवादी याकि लालू, नीतिश, अखिलेश जैसी पार्टियां विरोध करेंगी। जाहिर है सरकार को महिला आरक्षण से इंडिया एलायंस में फूट पडने का विश्वास होगा तो महिलाओं की अखिल भारतीय वाहवाही मोदी के खाते में। दूसरी अटकल देश की संसदीय प्रणाली को बदल कर अध्यक्षीय प्रणाली बनाए जाने का बिल लाने की हैं। लेकिन यह भी पुरानी अटकल है।

इसके अलावा आरक्षण या आरक्षण के भीतर आरक्षण का दांव भी चला जा सकता है। नरेंद्र मोदी सरकार ने जस्टिस रोहिणी आयोग का गठन किया था, जिसने छह साल के बाद अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी। इस रिपोर्ट के आधार पर अत्यंत पिछड़ी जातियों के लिए अतिरिक्त आरक्षण की घोषणा हो सकती है। बिहार से शुरू हुई जातीय जनगणना और आरक्षण की राजनीति को पंक्चर करने के लिए यह दांव चला जा सकता है। समान नागरिक संहिता की चर्चा अचानक थम गई थी लेकिन जिस तरह से सरकार ने जम्मू कश्मीर या नागरिक संहिता का कानून लाकर पास कराया वैसे ही समान कानून का बिल आ सकता है। एक देश, एक चुनाव के बिल की अटकल भी है लेकिन वह व्यावहारिक कारणों से संभव नहीं है। विपक्षी पार्टियां सरकार भंग करने को राजी नहीं होंगी, उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों में पिछले ही साल सरकार बनी है, वहां भी विधानसभा भंग करके फिर चुनाव में जाने की संभावना नहीं है। चुनाव आयोग को भी इसके लिए बहुत समय और बहुत ज्यादा संसाधन की जरूरत पड़ेगी। अगर लोकसभा चुनाव टले, इंदिरा गांधी की तरह नरेंद्र मोदी भी लोकसभा का कार्यकाल छह साल का कर दें तभी यह संभव हो सकता है।

विशेष सत्र को समापन सत्र बनाने और समय से पहले लोकसभा का चुनाव कराने की संभावना कतई नहीं है। कहा जा रहा है कि प्रधानमंत्री के प्रति बहुत सकारात्मक माहौल है और रेटिंग हाई है इसलिए समय से पहले चुनाव कराया जा सकता है। लेकिन असल में हाई रेटिंग की वजह से ही प्रधानमंत्री और भाजपा विपक्ष से कोई खतरा नहीं मान रहे हैं इसलिए चुनाव समय से होंगे। पांच राज्यों के साथ लोकसभा का चुनाव कराने की अटकल दूर की कौड़ी है। एक संभावना यह जताई जा रही है कि गणेश उत्सव के समय संसद के नए भवन में प्रवेश का इवेंट भी क्रिएट किया जा सकता है।

*शेष गपशप हाल-फिलहाल पेज पर...*

# प्रस्तावित दंड संहिता के मायने

*हमने डंडा से सुधार (हालांकि हमने भी इस बीच पुलिस के 'थर्ड डिग्री' इलाज पर रोक लगाई है), वर्दी से खौफ, सुरक्षा गार्डों से इज्जत, ब्लैक केट से राजनैतिक शान की व्यवस्था इतनी मजबूत कर ली है कि यह हमारे दिमागों में बैठ गई है। नए कानून के हिन्दी नाम में 'न्याय' को प्रमुखता जरूर दी गई है, लेकिन पुलिस हिरासत की संभावित अवधि पंद्रह दिन की जगह साठ दिन कर दी गई है, फांसी की सजा को बरकरार रखा गया है, ... ये बातें दंड की जगह न्याय और सुधार को प्राथमिकता दिए जाने की मंशा को हल्का बनाती हैं।*

अरविंद मोहन

भारतीय न्याय संहिता', 'भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता' और 'भारतीय साक्ष्य बिल' नाम से जिन तीन नई विधायी पहल से नरेंद्र मोदी सरकार 'भारतीय दंड संहिता' को आमूल बदलने की पहल कर रही है वह अपने हिन्दी नामों और मंशा के चलते तो स्वागतयोग्य हैं, लेकिन अपने प्रावधानों को लेकर आशंका पैदा करते हैं। आशंका की वजह सरकार की मंशा नहीं, उसकी सोच और इस पहल की दिशा है। उम्मीद करनी चाहिए कि जब इस पहल पर संसद में बहस होगी और कानून अपने अंतिम रूप में पास होगा तो कई बातें बदली हुई होंगी।

कुछ चर्चा बाहर मीडिया में होने लगी है, कुछ और होगी ही। तब भी कहना होगा कि इस पौने दो सौ साल पुराने कानून को बदलने की न तो पूरी तैयारी हुई है, न पर्याप्त चर्चा हो रही है। मोदी सरकार पुराने कानूनों को बदलना अपना एक काम मानती है, जो अच्छी बात है, लेकिन उसमें इतने लंबे समय के अनुभव को शामिल न किया जाए यह चिंता की बात है- खासकर वैसे मामले में जिससे हर किसी का पाला पड़ता है, सीधे या परोक्ष रूप से।

जी हां, सरकार ने 'भारतीय दंड संहिता' को बदलने की पहल की है जिसका 'दंड' अपराध को रोकने और अपराधी को सुधारने के जितने काम आता है, उसका 'डंडा' उससे ज्यादा सबको डराने के काम आता ही है। थाना, कचहरी ही नहीं इन मामलों वाला गृह मंत्रालय भी हमारी नजर में खौफ और शासन करने वालों के 'इकबाल' से ही ज्यादा चलता है। जब 1837 में लार्ड मैकाले ने इस कानून की पहल की थी तब उनके लिए खौफ और इकबाल लक्ष्य थे, बेंथम के दर्शन के अनुसार शासन को खड़ा रहने के लिए तरह-तरह के अपराधों के लिए खास तरह के दंड जरूरी थे और विभिन्न रजवाड़ों और मजहबों द्वारा चलाई जा रही न्याय प्रणालियों में एकरूपता लाने की जरूरत थी।

वर्ष 1860 में दंड संहिता अंतिम रूप में आई और तब से अब तक इसमें पचासों संशोधन की जरूरत अंगरेजों को और हम भारतीयों को हुई। जेल को सुधारगृह, किशोर कैदियों को अलग रखने की व्यवस्था, सजा का लक्ष्य अपराधी को सुधारना, फांसी की सजा पर रोक, दहेज हत्या, पुलिस हिरासत से तकलीफ, राजद्रोह के प्रावधान पर सवाल से लेकर मानवाधिकार के सवालों को उठाया गया है या कानून में बदलाव हुए हैं। इस बीच दुनिया में 'दंड' की जगह व्यवहार सुधारने और ज्यादा-से-ज्यादा वित्तीय जुर्माने या दोषियों पर दूसरे दबाव बनाने (जैसे-वाहन लाइसेंस स्थगित या रद्द करना, पासपोर्ट पर सख्ती, पेशा वाला कार्ड रद्द करना) के काम हुए हैं।

दूसरी तरफ, हमने डंडा से सुधार (हालांकि हमने भी इस बीच पुलिस के 'थर्ड डिग्री' इलाज पर रोक लगाई है), वर्दी से खौफ, सुरक्षा गार्डों



से इज्जत, ब्लैक कैट से राजनैतिक शान की व्यवस्था इतनी मजबूत कर ली है कि यह हमारे दिमागों में बैठ गई है। नए कानून के हिन्दी नाम में 'न्याय' को प्रमुखता जरूर दी गई है, लेकिन पुलिस हिरासत की संभावित अवधि पंद्रह दिन की जगह साठ दिन कर दी गई है, फांसी की सजा को बरकरार रखा गया है, राजद्रोह के प्रावधानों को और सख्त किया गया है और 'माब लिंचिंग' (जिसका सीधा प्रावधान पहली बार हुआ है) के लिए सामान्य हत्या से कम सजा का प्रावधान किया गया है। ये बातें दंड की जगह न्याय और सुधार को प्राथमिकता दिए जाने की मंशा को हल्का बनाती हैं।

राजद्रोह वाला मामला तो खास है क्योंकि जब सुप्रीम कोर्ट ने पिछले दिनों इसे समाप्त करना चाहा तो सरकार ने अदालत में भरोसा दिलाया था कि वह खुद इस पर पुनर्विचार कर रही है और वह जो नया कानून लाने जा रही है उसमें इसकी जरूरत नहीं रहेगी। अब जो नया कानून लाया जा रहा है उसमें सरकार के खिलाफ असंतोष वाली बात को तो नहीं रखा गया है, लेकिन देश की एकता और अखंडता वाले प्रावधानों को सख्त किया गया है।आपराधिक षड्यंत्र का प्रावधान अंगरेजी हुकूमत ने 1913 में किया था और आज की सरकार को भी यह जरूरी लगता है, जबकि वह खुद राष्ट्रद्रोह और शासनद्रोह का फर्क दिखाना चाहती है।

माना जाता है कि मुकदमों की बाढ़ रोकने की जिस असली इच्छा से कानून लाया गया है, पुलिस हिरासत वाली नई व्यवस्था उस पर पानी फेर देगी। अभी पुलिस ज्यादा-से-ज्यादा पंद्रह दिन की हिरासत और वह भी पहले पंद्रह दिन ही किसी अभियुक्त को पास रख सकती थी- पूछताछ और जानकारियां जुटाने के लिए। इस बीच जमानत का भी प्रावधान है, पर पुलिसवाले उसे टलवाने का प्रयास करते थे। अब पुलिस पहले सात दिनों में कभी भी हिरासत मांग सकती है और इस आधार पर अदालत से अभियुक्त को जमानत न देने की गुहार लगा सकती है।

अपराधी भाग जाएगा, जांच को प्रभावित करेगा- जैसे तर्क पहले पंद्रह दिनों के लिए इस्तेमाल होते थे, अब साठ दिनों के लिए होंगे। इसमें भी अपराधी के चरित्र के आधार पर दो वर्ग बनाए गए हैं, लेकिन जब पुलिस का असर ज्यादा लंबे समय तक रहेगा तो मामले लंबा खिंचेंगे ही। हत्या और गैर-इरादतन हत्या की परिभाषाएं भी विवादास्पद हैं और इनसे सजा वाला पक्ष प्रबल होता है, सुधार या रोक वाला पक्ष नहीं।

हम पत्रकार भी कानून की रिपोर्टिंग करते हैं, खूब करते हैं और कई बार इसी चक्कर में उसकी चपेट में भी आते हैं। बल्कि इधर तो हर अखबार, हर चैनल में अदालती रिपोर्टिंग कई गुना बढ़ गई है। 'अदालत की अवमानना' नामक प्रावधान ऐसा है जिसमें मुक्ति की कोई राह नहीं है। अदालत अपने सारे फैसलों पर बार-बार पुनर्विचार करती है, लेकिन अवमानना के मामले में पत्रकारों के लिए कोई राहत नहीं है।

ऐसा ही एक मसला मानहानि का भी है और संपादकों (जिन पर खबर छापने की वैधानिक जिम्मेवारी होती है) का काफी सारा वक्त और काफी ऊर्जा अदालती चक्करों में जाती है। इस बार इनसे बचाव का कोई हिसाब नहीं रखा गया है, जबकि मानहानि कानून में दो-तीन बदलाव किए गए हैं। दूसरी ओर, 'हेट स्पीच' के मामले में कोई बदलाव नहीं है। समलैंगिकता, विवाहेतर संबंध और इनसे पैदा संतानों के अधिकार, ऐसा संबंध रखने वाली महिला के अधिकार को लेकर इधर काफी अच्छे और महत्त्वपूर्ण निर्णय सुप्रीम कोर्ट से आए हैं, पर व्यभिचार पर वही ईरानी नजरिया दिखाता है जिसकी दुनिया आलोचना करती है। *(सप्रेस)*

# पैर से किस्मत लिखने वाले कृष्ण कुमार ने लगाई मामा शिवराज को पुकार

## कहा- नहीं पूरा किया वादा, खत्म हो रही आईएएस बनने की इच्छा

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**

रीवा। मध्यप्रदेश के मुखिया शिवराज चौहान ने मऊगंज को जिला बनाने की घोषणा की थी और बीते 15 अगस्त को मऊगंज जिला भी बना गया। लेकिन सीएम शिवराज ने इसी मऊगंज के एक छोटे से कस्बे हरजई मुडहान गांव में रहने वाले दिव्यांग कृष्ण कुमार केवट से किया गया वादा भूल गए। यह वही कृष्ण कुमार है, जिसने बीना हाथों के ही अपने पैरों से उड़ान भरी थी और 12वीं की परीक्षा पैरों से लिख के 82 प्रतिशत अंक हासिल कर सभी को चौंका दियाथा। 12वीं उतीर्ण करने बाद कृष्ण कुमार ने ढ्ढस् बनने की इच्छा जाहिर की थी, सीएम शिवराज ने लैपटॉप वितरण कार्यक्रम में कृष्ण कुमार की हर संभव मदद करने का वादा था, लेकिन 3 साल बीत जानें के बाद भी अब तक उसे कोई सहायता नहीं मिल पाई है। फिलहाल अब कृष्ण कुमार का कहना है कि मामा शिवराज ने अपने वादे पूरे नहीं किए, इसलिए अब मेरी ढ्ढस् बनने की इच्छा खत्म हो रही है।

**दिव्यांग कृष्ण कुमार ने सीएम शिवराज को लगाई पुकार**-मऊगंज स्थित हरजई मुड़हान गांव मे रहने वाले कृष्ण कुमार के बचपन से ही दोनों हाथ नहीं थे, इसके बावजूद भी कृष्ण कुमार ने वर्ष 2020 में 12वीं की परीक्षा पैरों से लिखकर दी और 82 फीसदी अंक हासिल कर सबको चकित कर दिया। कृष्ण कुमार के बुलंद हौसलों के आगे मजदूर पिता की गरीबी भी आड़े नहीं आई, पढ़ाई के लिए हर दिन 10 किलोमीटर पैदल चलकर स्कूल पहुंचने वाले इस होनहार छात्र ने उत्कृष्ट विद्यालय मऊगंज के टॉप टेन छात्रों में जगह बनाई थी। कृष्ण कुमार ने बेहद गरीब होने के बावजूद भी आगे की पढ़ाई कर कलेक्टर बनने की ख्वाहिश रखी थी।

**कृष्ण कुमार में बिना हाथों के पैरों से भरी उड़ान**-दिव्यांग कृष्ण कुमार के दोनों हाथ मां की कोख में ही गल गए थे, बढ़ती उम्र के साथ कृष्ण कुमार ने अपने पैरों को ही हाथ बना लिया और 12वीं की परीक्षा पैरों से लिखकर 82त्न अंक अर्जित किए थे। कृष्ण कुमार की इस उपलब्धि से पूरा परिवार गदगद हो उठा था, बचपन से ही बिना हाथों के कृष्ण कुमार ने अपने तीन भाई और चार बहनों के बीच ना केवल पढ़ना सीखा, बल्कि पढ़ाई में भी मन लगाया बचपन से ही पैरों से सारे काम करने का हुनर खुद ही विकसित किया और मजबूत इरादे और बुलंद हौसले से वह मुकाम हासिल किया जो हाथ वाले भी ना कर पाए कृष्ण कुमार ने कक्षा 1 से 12वीं तक की परीक्षा पैरों से ही लिखकर उत्तीर्ण की है।



**12वीं पास कर जाहिर की थी आईएएस बनने की इच्छा**-कृष्ण कुमार का गांव हरजई मुड़हान मऊगंज शहर से तकरीबन 10 किलोमीटर की दूरी पर है, जहां से वह पैदल चलकर रोजाना विद्यालय पढ़ाई करने जाया करते थे। पढ़ाई के प्रति इतनी लगन थी कि रास्ते में ही बैठकर पैरों से अपना होमवर्क करने लगते थे, इस मेघावी छात्र की उपलब्धि चाहे भले ही किसी पहाड़ की चोटी के बराबर ना हो, पर ख्वाहिशें बड़ी हैं। कृष्ण कुमार केवट पढ़ाई के बाद देश और अपने गरीब परिवार की मदद करना चाहते हैं, जिसके लिए उन्होंने सीएम से मिलकर कलेक्टर बनने की इच्छा जाहिर की थी, लेकिन आज भी परिवार की आर्थिक स्थिति कृष्ण कुमार के आड़े आ रही है।

**प्रशासनिक अनदेखी का शिकार हुआ दिव्यांग कृष्ण कुमार**-कृष्ण कुमार की उपलब्धि से मऊगंज जिले सहित प्रदेश का नाम रोशन हुआ था कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित लैपटॉप वितरण कार्यक्रम के दौरान मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उसके साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संवाद करते हुए उसे कृत्रिम हाथ लगाने का वादा किया था वहीं सीएम शिवराज ने कमिश्नर रीवा को निर्देशित करते हुए कृष्ण कुमार को प्रशासनिक सुविधाएं दिए जाने का आश्वासन दिया था मगर मुख्यमंत्री के वादे के बाद जैसे मानों प्रशासन ने इस दिव्यांग बालक को भुला दिया हो और उसकी सफलता को कागज तक समेट कर रख दिया हो कृष्ण कुमार की मानें तो आज भी वह प्रशासन की सुविधाओं से वंचित है।

**सीएम ने नहीं निभाया वादा**-कृष्ण कुमार का कहना है कि 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण किए मुझे 3 वर्ष बीत गए इसी वर्ष मेरा ग्रेजुएशन का फाइनल हो चुका है, लेकिन मुझे सरकार और प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा किसी प्रकार की कोई सहायता नहीं मिली लैपटॉप वितरण कार्यक्रम में सीएम शिवराज सिंह चौहान ने मुझसे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बात करते हुए मुझे रीवा का ही नहीं, बल्कि मध्य प्रदेश का बेटा बताया था उन्होंने कहा था कि हम तुम्हारे दोनों हाथ लगवाएंगे और तुम्हें रोजगार की व्यवस्था कराएंगे, कॉलेज की पढ़ाई की पूरी व्यवस्था करेंगे, लेकिन यह वादा अभी भी अधूरा है सीएम अपना वादा नहीं निभा पाए।

**अब भी मदद की आस लगाए बैठा है कृष्ण कुमार**-कृष्ण कुमार ने बताया कि शासन की ओर से मैं अपने परिजनों के साथ कृत्रिम हाथ लगवाने इंदौर के एक हॉस्पिटल में गया था, डाक्टरों ने मुझे बताया कि हाथ तो लग जाएंगे पर वह काम नही करेंगे, इसलिए मैंने कृत्रिम हाथों को लगवाने से इनकार कर दिया था। इसके अलावा शासन की ओर से मुझे मात्र एक लैपटॉप ही मिल पाया, जबकि अन्य सुविधाओं से मैं अभी भी वंचित हूं। मेरे मन में अब भी कलेक्टर बनने की चाह है, मगर खराब आर्थिक स्थिति मेरे आड़े आ रही हैं, इसलिए मैं अब भी मदद की आस लगाए बैठा हूं। देखते हैं मामा शिवराज ने हमसे जो वादा किया था, वह कब पूरा होगा।

## विधायक सचिन यादव ने की मांग

# विधानसभा क्षेत्र कसरावद के साथ खरगोन जिले सहित

## समूचे प्रदेश को घोषित किया जाए सूखाग्रस्त, किसानों को दिन में निर्बाध दी जाए 10 घण्टे लगातार बिजली, परिवर्तित शेड्यूल को निरस्त किया जाए

**खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजली टुडे**

**खरगोन/**2 सितम्बर 2023/, म.प्र. के पूर्व कृषि मंत्री रहे कसरावद के विधायक सचिन यादव ने राज्य सरकार से खरगोन सहित समूचे म.प्र. को सूखाग्रस्त घोषित, किसानों को सिंचाई के लिए दिन में निर्बाध 10 घण्टे लगातार बिजली देने और बदले हुए विद्युत प्रदाय शेड्यूल को निरस्त करने की मांग की है । इस संबंध में श्री यादव ने आज शनिवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, खरगोन जिले के प्रभारी कृषि मंत्री कमल पटेल, कलेक्टर खरगोन, म.प्र. पश्चिमी क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड इन्दौर के कार्यपालक निदेशक और अधीक्षण यंत्री को पत्र लिखा है । विधायक श्री यादव ने इस संबंध में बताया कि अल्पवर्षा के बाद वर्षा की लम्बी खेंच के कारण किसानों की फसलें बर्बाद हो रही है । किसान भारी मुसीबत में है । इसको लेकर मैने कसरावद विधानसभा क्षेत्र और खरगोन जिले के साथ ही समूचे म.प्र. को सूखाग्रस्त घोषित करने की मॉग को लेकर राज्य सरकार को पत्र लिखा है । श्री यादव ने बताया कि किसानों के खेतों में खड़ी फसलें मुरझा रही है । सिंचाई के संसाधन होते हुए भी अपर्याप्त बिजली के कारण वे खेतों में पानी नहीं दे पा रहे हैं । इस मुसीबत को झेल रहे किसानों पर आज से विद्युत प्रदाय का शेड्यूल बदलकर रात में करने से किसानों की मुसीबत को और बड़ा दिया है । विद्युत मण्डल के इस अव्यवहारिक और अविवेकपूर्ण निर्णय को लेकर कसरावद सहित समूचे जिले के किसानों में रोष और आक्रोश व्याप्त है । किसानों ने इसको लेकर आंदोलन की भी शुरूआत कर दी है । मेरे विधानसभा क्षेत्र कसरावद के मूलठान और सावदा ग्रिड का किसानों ने आज घेराव कर अपनी मॉगो को लेकर ज्ञापन भी सौंपा है । श्री यादव ने बताया कि म.प्र. पश्चिमी विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड इन्दौर ने आज से विद्युत प्रदाय का शेड्यूल बदलकर रात का कर दिया है । मैने इस शेड्यूल को निरस्त करने की मांग करते हुए किसानों को सिंचाई के लिए लगातार दिन में 10 घण्टे विद्युत प्रदाय हेतु राज्य सरकार सहित आला अधिकारियों को चिट्ठी लिखी है । किसानों की मॉगों का निराकरण आगामी दो दिवस में नहीं किया गया तो मैं भी मैदान में उतरकर किसानों के साथ विद्युत संबंधी समस्याओं के निराकरण की मॉग को लेकर आंदोलन।



## सोलंकी भाजपा बिजोवा मण्डल महामंत्री मनोनीत

### भाजपा परिवार में खुशी की लहर, दी बधाइयां

**पुष्पांजलि टुडे, संवाददाता नेनाराम सिरवी**

**जवाली पाली** - भारतीय जनता पार्टी के जि़ला अध्यक्ष मंसाराम जी परमार और पूर्व विधायक केसाराम जी चौधरी की सहमति से मण्डल अध्यक्ष हरिकृष्ण चौधरी ने भाजपा बिजोवा मण्डल के महामंत्री के दायित्व पर मोहन सोलंकी बिजोवा को नियुक्त किया। मोहन सोलंकी ने भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष हरिकृष्ण चौधरी, महामंत्री मोहन मारू,उत्तम सिंह राजपुरोहित, बाबूलाल भाटी, रामलाल प्रजापत, अजय जैन, पोमाराम प्रजापत, नरेंद्र परमार आदि भाजपा कार्यकर्ताओं ने मोहन सोलंकी को बधाई दी।

# रीवा संजय गांधी अस्पताल की तीसरी मंजिल से कूदकर एक युवक ने किया सुसाइड जांच में जुटी पुलिस

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**

रीवा। संजय गांधी अस्पताल की तीसरी मंजिल से कूद कर एक मरीज ने की आत्महत्या मौके पर हुई मौत पुलिस के मुताबिक शुक्रवार शनिवार की दरमियानी रात 2ः00 बजे मरीज अपने बेटे और भाई के साथ डी ब्लॉक के बाहर बालकनी के पास खड़ा था तभी अचानक उसने छलांग लगा दी 40 फीट की गहराई से गिरने पर मरीज का सर फट गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई है देर रात सुसाइड की घटना से अस्पताल में हड़कंप मच गया पुलिस को तुरंत सूचना दी गई जानकारी के बाद मौके पर पहुंची अमहिया पुलिस ने शव को कब से मिले कर मरकरी में रखवा दिया शनिवार की सुबह चिकित्सकों ने पोस्टमार्टम किया इसके बाद लास्ट परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दी गई पुलिस के मुताबिक मामला अज्ञात कारणों से सुसाइड का है कोई आत्महत्या के कारणों की जांच पुलिस द्वारा की जा रही है।




**स्वास्थ में हुआ था सुधार**-जानकारी के मुताबिक अशोक पटेल 3 दिन पहले पन्ना जिला अस्पताल से रेफर होकर संजय गांधी अस्पताल मेडिसिन विभाग में आया था उसके स्वास्थ्य में तेजी से सुधार भी हुआ अब छुट्टी होने वाली थी 1 सितंबर की रात बेटा और भाई के साथ मरीज ने गोलगप्पे भी खाया था चना की मैरिज डी ब्लॉक से कूद गया तीसरी मंजिल से गिरने के कारण मौत हो गई।

**मानसिक रूप से था बीमार**-युवक मानसिक रूप से बीमार था मरीज के परिजनों ने चिकित्सकों से कहा कि मरीज मानसिक रूप से बीमार है पर इलाज मेडिसिन विभाग में कर रहा है संजय गांधी अस्पताल से पहले भी सुसाइड की आधा दर्जन घटनाएं सामने आ चुके हैं इसके बाद भी प्रबंधक ध्यान नहीं दे रहे हैं तत्कालीन कलेक्टर लिया राजा टाइम भी हादसे को रोकने वाली जाली लगवाने के सुझाव दिए थे लेकिन अब तक अस्पताल में जली नहीं लगी।

# रीवा पूर्व सांसद स्व श्री चंद्रमणि त्रिपाठी की पुत्री प्रज्ञा त्रिपाठी ने रक्षाबंधन के उपलक्ष्य पर पत्रकार भाईयों को बांधी राखी

## मेरे हिस्से मेरे पिता का संघर्ष, राजनीति मेरे लिए पेशा नहीं समाजसेवा का माध्यम - प्रज्ञा त्रिपाठी

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**विवेक तिवारी (संभागीय ब्यूरो रीवा)**





**रीवा।** रीवा के पूर्व सांसद स्व. श्री चंद्रमणि त्रिपाठी की पुत्री प्रज्ञा त्रिपाठी (प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा) ने रक्षाबंधन के अवसर पर एस.पी.एस मॉल हाल उर्रहट में पत्रकार बंधुओ के लिए रक्षाबंधन समारोह एवं स्नेह भोज का कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर प्रज्ञा त्रिपाठी ने सैकड़ो पत्रकार बंधुओ को राखी बांधकर मिठाई खिलाई। प्रज्ञा त्रिपाठी ने कहा कि बहुत दिनों से आप सभी से मिलने और बात करने की इच्छा थी। रक्षाबंधन इसके लिए माध्यम बना, यह वर्ष मेरे पिता स्मृतिशेष श्री चंद्रमणि त्रिपाठी के पुण्य स्मरण का दसवां वर्ष है इस नाते मेरे पिता, मेरे परिवार और सौदामिनी सेवा संस्थान से जुड़े मेरे मार्गदर्शक समूह ने मेरे पिता की अभिरुचि और सेवा के विषय स्वास्थ्य शिविर की श्रृंखला जो की एक यात्रा के रूप में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेई के जन्म दिवस 25 दिसंबर 2022 से शुरू होकर रीवा के सुंदर ग्रामीण क्षेत्रों में जहां स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी है वहां स्वास्थ्य परीक्षण, निशुल्क जांच, दवाइयां और विशेषकर रक्त की कमी से रीवा को मुक्त किया जा सके इस दिशा में हम प्रयासरत हैं इसके लिए विशेष रूप से गर्भवती माताएं और किशोरियों का रक्त परीक्षण, दवाइयां और खान-पान से संबंधित परामर्श उन्हें दिया जा रहा है साथ ही उनका रिकॉर्ड संग्रहित कर उन्हें आगे फॉलोअप किया जा रहा है।

मेरे पिता ने अपने पीछे एक बड़ी जिम्मेदारी जन सेवा की छोड़ी, हजारों शुभचिंतकों और सैकड़ो अभिभावक अपने पीछे मेरे लिए छोड़ गए। समाज के वंचित और गरीब के लिए किया गया उनका संघर्ष मेरे हिस्से आया यही मेरी विरासत है। रक्त की कमी से जूझ रही किसी गर्भवती को मिलने वाला रक्त और किशोरी के चेहरे पर आने वाली लालिया ही मेरा सुख है। प्रज्ञा त्रिपाठी ने कहा कि मैं जनसेवा और समाजहित के कार्यों के लिए राजनीति में हूं। राजनीति मेरे लिए पेशा या व्यवसाय का माध्यम नहीं। मैं देश सेवा के लिए सीमा पर समर्पित एक सैनिक की पत्नी हूं। संगठन क ख ग मेरे विद्यार्थी परिषद से सीखा आज भी जब 14 वर्षों से भारतीय जनता पार्टी के लिए काम कर रही हूं, तो सदैव कुछ नया सीखने की प्रयासरत हूं।देव मूल्य कार्यकर्ता और राष्ट्र प्रथम को मानकर चलने वाले संगठन



के लिए काम करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है यही मेरी पूंजी और मेरी ताकत है। संगठन से जब जैसी जिम्मेदारी दी मैंने अपनी पूरी क्षमता और निष्ठा से निभाया है। आगे भी जो जिम्मेदारी मिलेगी वह पूरी क्षमता और निष्ठा से निभाऊंगी।

# देखते ही देखते गायब हो गया 150ft ऊंचा भलुहा पहाड़

## माफियाओं ने लगाया करोड़ों का चूना, हत्रज्ज की कार्रवाई पर सवाल

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**

रीवा। जिले में खनिज माफिया बस के बाहर हो गए हैं। अब प्रशासन को करोड़ों रुपए का चूना लगाने से भी बाज नहीं आ रहे हैं। यहां रायपुर कर्चुलियान तहसील के रामनई इलाके में एक पहाड़ था, जिसको यहां के लोग भलुहा पहाड़ के नाम से जानते थे देखते ही देखते ये 150 फीट पहाड़ी इलाका पूरी तरह से साफ हो गया है। खनिज माफिया इसको हजम भी कर गए, और किसी को पता भी नहीं चला मामला तब सामने आया, जब स्थानीय लोगों ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जाकर खनिज विभाग और प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड से इस की शिकायत की और कार्रवाई करने की मांग की शिकायत करने वाले अनुपम कुमार पटेल ने इस मामले में पिटीशन दायर की है। इसके बाद मामले की जांच को लेकर प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड, नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल यानि हत्नज्ञ की टीम इस इलाके में पहुंची संयुक्त टीम ने मामले में जांच शुरु कर दी है। इधर, जब अधिकारी पूरे मामले में कुछ भी कहने से बचते रहे उन्होंने प्रत्यक्ष तौर पर कैमरे पर कुछ कहने से मना कर दिया। गायब हो गया 150 फीट का पहाड़ दरअसल, जिस पहाड़ी इलाके को लेकर पिटिशन दायर की गई, वो करीबन 32 एकड़ भूभाग में फैला हुआ है। यहां 150 फीट ऊंचा भलुहा पहाड़ अस्तित्व में नहीं है। यहां खनिज माफियाओं ने अवैध तरीके से स्टोन क्रेशर के जरिए पूरे घटनाक्रम को अंजाम दिया बिना परमिशन के खनन प्रक्रिया शुरू की बताया जाता है कि साल 2014 से खनिज माफियाओं की इस पहाड़ पर नजर टिकी हुई थी। उसी दौरान माफियाओं ने पहाड़ पर अवैध उत्खनन शुरू कर दिया। बेखौफ खनिज माफिया दिन रात पहाड़ में अवैध पत्थर का खनन करते थे। मानों, यह पूरा काम किसी प्रशासनिक अधिकारी की देखरेख में किया जा रहा हो।






**शासन को लगाया करोड़ो का चूना**-इस मामले में तूल तो अब पकड़ा लेकिन स्थानीय लोग इसकी शिकायत पिछले कई सालों से कर रहे हैं। यहां किसी भी तरह की प्रशासनिक कार्रवाई रोकथाम के लिए नहीं की गई इस पहाड़ के उत्खनन से करोड़ों का चुना प्रशासन को लगा है। स्थानीय लोग पूरे मामले को लेकर कई दफा खनिज विभाग, कलेक्ट्रेट कार्यलय, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की अधिकारियो इस मामले में कार्रवाई को लेकर गुहार भी लगा चुके हैं।

**NGT की एक्शन पर पीटिशनर ने उठाए सवाल**-इस पूरे मामले में अनुपम कुमार ने जांच के लिए पिटिशन दायर की इसको लेकर उन्होंने भोपाल प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को एक पत्र लिखा। करीब 6 महीने बीत जाने के बाद, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल से 5 सदस्यीय टीम पहुंची टीम ने पंचनामा कार्रवाई करते हुए, स्थानीय लोगों के साथ शिकायतकर्ता के भी बयान दर्ज किए इस दौरान पहाड़ पर स्टोन क्रेशर बंद मिले पूरी कार्रवाई के बाद टीम ने अनूप कुमार से सरकारी दस्तावेज पर साइन के लिए कहा तो वे कार्रवाई से असंतुष्ट दिखे उन्होंने साइन करने से मना कर दिया उन्होंने कार्रवाई को सिर्फ खानापूर्ति करार दिया।

**खनिज माफिया से प्रशासन के मिले होने के आरोप**-इधर जब जांच के लिए पहुंची हत्नज्ञ की टीम से पूरे मामले पर बात करना चाही, तो उन्होंने किसी भी तरह की जानकारी देने से मना कर दिया और वापस लौट गए शिकायतकर्ता अनूप कुमार ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए उन्होंने कहा- कई बार मामले की शियाकत खनिज अधिकारियों से की गई, मगर उनके द्वारा यही कहा गया की किसी भी तरह का कोई उत्खनन नही किया गया इन्हीं अधिकारियों की शह पर खनिज माफियाओं ने पहाड़ पर अवैध खनन किया और प्रशासन को करोड़ों की चपत लगाई है।

### सरकार आने पर भ्रष्टाचारियों को उल्टा लटकाकर सीधा करेंगे - शाह

# कौशल विकास के नाम पर युवाओं को सट्टे की ऑनलाइन ट्रेनिंग दे रही है भूपेश सरकार

**भ्रष्टाचार, जातिवाद, परिवारवाद और दिल्ली दरबार के दरबारी छत्तीसगढ़ का भला नहीं कर सकते**

**भ्रष्टाचारियो के खिलाफ एजेंसियां अपना काम जरूर करेंगी**

**भूपेश बघेल ने कलेक्टर को भ्रष्टाचार के पैसे कलेक्ट करने वाला बनाकर रख दिया है**

**शराब में 2160 करोढ़ रुपए घोटाला तो सिर्फ टिप हैअसली घोटाला तो हजारों करोढ़ का है**

**प्रदेश भाजपा ने जारी किया आरोप पत्र, शाह ने कांग्रेस की प्रदेश सरकार के भ्रष्टाचार पर जमकर निशाना साधा**





**ब्यूरो चीफ छत्तीसगढ अश्वनी अवस्थी**

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार के खिलाफ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के सानिध्य में शनिवार को आरोप पत्र जारी किया। इस अवसर पर प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर भ्रष्टाचार की सीरीज चलाने का आरोप लगाते हुए श्री शाह ने खुली चेतावनी दी है कि कांग्रेस की प्रदेश सरकार का भ्रष्टाचार अभी पूरा सामने नहीं आया है, वह तो जब भाजपा की सरकार छत्तीसगढ़ में आएगी और भ्रष्टाचारियों को उल्टा लटकाएगी, तब भ्रष्टाचार का पूरा आँकढ़ा और सच सामने आएगा। श्री शाह ने प्रदेश की पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के 15 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार को 9 वर्षों %सेवा-सुशासन-गरीब कल्याण% के कार्यक्रमों का ब्योरा देते हुए प्रदेश की भूपेश सरकार को छोटी आबादी की सबसे बढ़ी भ्रष्ट सरकार बताते हुए जमकर निशाना साधा। राजधानी के पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में श्री शाह ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव सामान्य चुनाव नहीं है, यह चुनाव छत्तीसगढ़ की सुनहरे भविष्य को आधारशिला रखने वाला चुनाव है। केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने मिशन आदित्य की लॉन्चिंग की प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में पाँच सालों से वादाखिलाफी, भ्रष्टाचार और घपलों-घोटालों की सरकार चल रही है। भाजपा ने उस सरकार के खिलाफ जनजागृति लाने के लिए भाजपा ने एक आरोप पत्र तैयार किया है। छत्तीसगढ़ में भाजपा की पूर्ववर्ती राज्य सरकार के 15 वर्षों के कार्यकाल की सराहना करते हुए श्री शाह ने कहा कि श्रद्धेय अटलजी ने जिन सपनों के साथ छत्तीसगढ़ राज्य का गठन किया था, उन सपनों को साकार करने का वह कार्यकाल था। प्रदेश के पहले चुनाव के बाद डॉ. रमन सिंह के मुख्यमंत्रित्व में छत्तीसगढ़ ने 15 साल तक विकास की अविरल यात्रा की। श्री शाह ने कहा कि सन 2014 से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चथ्तीसगढ़ को विकसित करने के अनेक प्रयास हुए। लेकिन 2018 में छत्तीसगढ़ में बनी कांग्रेस की सरकार ने प्रधानमंत्री श्री मोदी का साथ देने के बजाय छत्तीसगढ़ में लूट-खसोट, भ्रष्टाचार और घपलों-घोटालों की सरकार बनाई, जिसके कारण छत्तीसगढ़ के विकास पर सवालिया निशान लग गया है। छत्तीसगढ़ की जनता ने हमेशा भाजपा को अपना आशीर्वाद दिया है। श्री शाह ने विश्वास व्यक्त किया कि 2023 के विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने के बाद 2024 के लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ की सभी 11 लोकसभा सीटें भाजपा जीतेगी और डबल इंजन की सरकार प्रदेश को विकास की ऊँचाई पर ले जाएगी।केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने कहा कि कांग्रेस की भूपेश सरकार ने घपले-घोटाले करके और छत्तीसगढ़ को एक परिवार का एटीएम बनाकर विकास के मार्ग से भटका दिया है। अब छत्तीसगढ़ की जनता को तय करना है कि हजारों करोढ़ रुपए का घोटाले करने वाली भूपेश बघेल की सरकार चाहिए या विकास का रास्ता तय करने वाली भाजपा की सरकार चाहिएढ़ छत्तीसगढ़ को तय करना है कि आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा के नाम पर धर्मांतरण कराने वाली सरकार चाहिए या फिर आदिवासियों की संस्कृति को एक बार फिर से सुरक्षित व संवर्धित करने वाली सरकार चाहिएढ़ छत्तीसगढ़ को तय करना है कि पिछढ़ा वर्ग समाज के विकास के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी ने जो योजनाएँ शुरू की हैं, उन्हें धरातल पर साकार करने वाली भाजपा की सरकार चाहिए या पिछढ़ा वर्ग के कल्याण की योजनाओं में हजारों-करोढ़ों रुपए का घपला करने वाली कांग्रेस की सरकार चाहिएढ़ छत्तीसगढ़ को तय करना है कि युवाओं से रोजगार और बेरोजगारी भत्ता देने के झूठे वादे करके कौशल विकास के नाम पर दुबई में जुँए की ऑनलाइन ट्रेनिंग देकर महादेव एप को संरक्षण देने वाली भ्रषटाचार करने वाली सरकार चाहिए या युवाओं के सुविचारित विकास करने वाली सरकार चाहिएढ़ युवाओं को रोजगार चाहिए या जुँए की लतढ़ भ्रष्टाचार, जातिवाद, परिवारवाद और दिल्ली दरबार के दरबारी छत्तीसगढ़ का भला नहीं कर सकते।केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ को श्रद्धेय अटलजी ने बनाया, भाजपा ने 15 वर्षों के अपने शासनकाल में सँवारा और अब छत्तीसगढ़ को भ्रष्टाचार व कुसासन से भाजपा ही मुक्ति दिलाएगी। श्री शाह ने छत्तीसगढ़ में भाजपा शासनकाल की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए कहा कि जब प्रदेश में भाजपा की पहली बार सरकार बनी, तब सबसे बढ़ा प्रश्न यह था कि राशन घोटालों पर लगाम कैसे लगेढ़ डॉ. रमन सिंह ने घर-घर राशन पहुँचाने की पद्धति को साकार किया। जबकि भूपेश सरकार ने प्रधानमंत्री श्री मोदी की सरकार द्वारा भेजे जाने वाले मुफ्त अनाज तक को छीनकर बेचने का काम किया। श्री शाह ने राष्ट्रीय जाँच एजेंसियों के काम पर की जा रही टिप्पणियों पर कहा कि अगर किसी ने भ्रष्टाचार किया है तो एजेंसी अपना काम जरूर करेगी। मनरेगा के कार्यदिवस 50 दिन बढ़ाने वाली छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार पहली सरकार थी। मातृत्व अवकाश देने वाली, पंचायतों में महिलाओं को 50 फीसदी आरक्षण देने वाली, नगरीय निकायों में आरक्षण देने वाली भाजपा की सरकार ही थी। शाह ने मुख्यमंत्री बघेल को याद दिलाया कि छात्रों को निन्शुल्क लैपटॉप और टेबलेट भाजपा सरकार दे रही थी, उसमें भी कांग्रेस की सरकार ने घोटाला किया। श्री शाह ने कहा कि मोदी जी पूरे देश के प्रति एक सामान भाव रखते है। कांग्रेसनीत यूपीए की केंद्र सरकार के 10 साल के शासनकाल में छत्तीसगढ़ को सिर्फ 77,800 करोढ़ रुपए मिले, जबकि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने पिछले 9 साल में 3,02,429 करोढ़ रुपए छत्तीसगढ़ को दिए।केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने केंद्र सरकार के 9 वर्षों की उपलब्धियों का विवरण देते हुए मुख्यमंत्री बघेल को चुनौती दी कि वे यूपीए के 10 और भाजपानीत एनडीए के 9 वर्षों के कामों का लेखा-जोखा जनता के सामने रखें। छत्तीसगढ़ में भाजपा के 15 वर्ष के काम के मुकाबले भूपेश सरकार ने एक तिहाई का एक तिहाई भी काम भी किया हो तो बताएँ। श्री शाह ने कहा कि कांग्रेस ने अपने नेताओं और जनप्रतिनिधियों को लूट मचाने की खुली छूट दे रखी है। भूपेश बघेल ने कलेक्टर को भ्रष्टाचार के पैसे कलेक्ट करने वाला बनाकर रख दिया है। कांग्रेस के किए गए वादों की चर्चा करते हुए श्री शाह ने कहा कि किसी भी वादे पर प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने काम नहीं किया। चरणपादुका वितरण बंद करने और 20 लाख प्रधानमंत्री आवास रोकने के लिए भी प्रदेश सरकार को आढ़े हाथों लेते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि शराब घोटाला सिर्फ 2160 करोढ़ का नहीं, बल्कि हजारों करोढ़ रुपए का है। यह 2160 करोढ़ रुपए तो इस घोटाले की टिप है। पूर्ण शराबबंदी के नाम पर प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने क्या कियाढ़ डॉ. रमन सिंह के मुख्यमंत्रित्व वाली भाजपा सरकार तो राज्य में चरणबद्ध शराबबंदी कर रही थी पर भूपेश सरकार ने तो पूरी उल्टी गंगा ही बहा दी। प्रदेश सरकार ने भ्रष्टाचार की सारी हदें लांघ दी हैं। अब प्रदेश सरकार अपने झूठे दावों को लेकर चाहे जितना प्रचार कर ले, परंतु प्रदेश की जनता अब कांग्रेस के चरित्र को समझ गई है।

**यह आरोप पत्र कांग्रेस सरकार के कारनामों, भ्रष्टाचार, वादाखिलाफी, अत्याचार का लेखा-जेखा और सच्चाई है : साव**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का यह आरोप पत्र महज प्रदेश की भूपेश सरकार पर आरोप ही नहीं हैं अपितु प्रदेश की कांग्रेस सरकार के शासनकाल के कारनामों, भ्रष्टाचार, वादाखिलाफी, अत्याचार का लेखा-जेखा और सच्चाई है, जिसे लेकर हम अब जनता के बीच जा रहे हैं। प्रदेश सरकार के शासनकाल के कुकर्म और कलंक को आरोप पत्र के रूप में जनता के बीच रख रहे हैं। श्री साव ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ का हर वर्ग इस भूपेश सरकार से संत्रस्त है और इसीलिए अब हर कोई यह कह रहा है- %अब नई सहिबो, बदल के रहिबो।% प्रदेश की भूपेश सरकार अपने शासनकाल में छत्तीसगढ़ की ढाई करोढ़ जनता के परिवार की चिंता करना छोढ़कर सिर्फ एक परिवार की सेवा में लगी हुई है। छत्तीसगढ़ की जनता को लूटने, धोखा देने का काम इस कांग्रेस सरकार ने किया है। प्रदेश सरकार को झूठ-लबारी की सरकार बताते हुए श्री साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता ने यह निश्चय कर लिया है कि आगामी चुनाव में कमल चुनाव चिह्न पर बटन दबाकर भाजपा की सरकार बनाएंगे।

**भ्रष्ट सरकार को बदलने के लिए आरोप पत्र के सारे बिंदुओं से प्रदेश के जन-जन को अवगत कराएंगे - डॉ. रमन**

भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने इस मौके पर कहा कि आज छत्तीसगढ़ के गाँव-गाँव और गली-गली में किसानों-मजदूरों, माताओं-बहनों, युवाओं, शिक्षित बेरोजगारों, हर वर्ग के लोगों के मुख से एक ही नारा गूंज रहा है- बदलबो बदलबो, ये दारी कांगरेस के भ्रष्ट भूपेश सरकार ला बदलबो। डॉ. सिंह ने कहा कि 2018 में कांग्रेस के जनघोषणा पत्र में किए गए सारे वादे झूठे निकले, जनता की आँख में धूल झोंककर और झूठे वादे करके सरकार बनाकर सत्ता में आने वाले भूपेश बघेल के झूठ के पुलिंदे का हिसाब आज जनता मांगने तैयार खढ़ी है। छत्तीसगढ़ में आज माफिया राज, लूट-खसोट के राज, भय और आतंक के राज जो स्थिति बनी हुई है, उसमें क्रांतिकारी बदलाव लाने के लिए हम सब मिलकर इस आरोप पत्र के लोकर जनता के बीच जाएंगे और जनता के बीच यह संदेश पहुँचाएंगे कि कांग्रेस की भूपेश सरकार ने अपने शासनकाल में जो लूट मचाई है, उसे देश की राष्ट्रीय जाँच एजेंसियों ने प्रमाणित किया है। हजारों करोढ़ रुपए के भ्रष्टाचार में लिप्त यह सरकार, 600 करोढ़ रुपए का चावल घोटाला करने वाली सरकार, 2 हजार करोढ़ रुपए का शराब घोटाला करने वाली सरकार, 500 करोढ़ रकुपए से ज्यादा का कोयला घोटाला करने वाली सरकार अब जुँआ और सच्चे में लिप्त होकर महादेव एप के संरक्षण देने में लगी है। ऐसी भ्रष्ट सरकार को बदलने के लिए हम सब संकल्पित होकर आरोप पत्र के सारे बिंदुओं से प्रदेश के जन-जन को अवगत कराएंगे।

**प्रदेश की कांग्रेस सरकार पहली ऐसी सरकार है जो अपने ही घर में चोरी करती है, राजस्व की चोरी करवाती है :अजय**

कार्यक्रम के प्रारंभ में अपने स्वागत उद्बोधन में आरोप पत्र समिति के संयोजक व पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने कहा कि भाजपा का यह आरोप पत्र एक ऐसा दस्तावेज है जिससे यह समझा जा सकता है कि ऐसी बहुत-सी बातें हुईं हैं जो स्वतंत्र देश के इतिहास में इससे पहले कभी घटीं। प्रदेश की कांग्रेस सरकार पहली ऐसी सरकार है जो अपने ही घर में चोरी करती है, राजस्व की चोरी करवाती है। सिर्फ सन 2020 के एक साल की जाँच में 2 हजार करोढ़ रुपए का शराब घोटाला सामने आया है। अगर पूरे पाँच साल के कार्यकाल की बात करें तो यह आँकढ़ा कहाँ पहुँचेगाढ़ कोरोना सेस के नाम पर करोढ़ों रुपए अर्जित करने के बाद भी स्वास्थ्य विभाग को एक रुपया कांग्रेस की इस सरकार ने नहीं दिया। यह पहली ऐसी सरकार है जिसने गरीबों के चावल तक को बेच दिया। यह पहली सरकार है जो युवाओं समेत हर वर्ग के लोगों को जुँआ खेलने के लिए दुष्प्रेरित करती है। यह पहली सरकार है जिसके राज में छत्तीसगढ़ का ऐसा कोई क्षेत्र नहीं बचा है जहाँ माफिया राज का आतंक न हो। यह माफिया नियंत्रित सरकार है। यह पहली सरकार है जिसके शासनकाल में टारगेट किलिंग हो रही है और उसमें भाजपा के नेता मारे जा रहे हैं। श्री चंद्राकर ने कहा कि श्री शाह छत्तीसगढ़ में अनंत विजय का शंख फूँकेंगे और विधानसभा से लेकर लोकसभा चुनाव तक घमंडिया गठबंधन का दिल दहलाएँगे। हम सब कार्यकर्ता उनके नेतृत्व में विजय का संकल्प लें।

अपने संबोधन से पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने भाजपा के आरोप पत्र का विमोचन किया। इस अवसर पर प्रदेश सरकार की नाकामियों, वादाखिलाफी, अन्याय-अत्याचार, धर्मांतरण, छलावे पर केंद्रित एक वीडियो फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। इस मौके पर भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद डॉ. (सुश्री) सरोज पांडेय, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मंत्री सुश्री लता उसेंडी, भाजपा प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, सह प्रभारी नितिन नबीन, सांसद सुनील सोनी, नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ विधायक बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय, पूर्व मंत्री राजेश मूणत मंचस्थ थे।कार्यक्रम का सञ्चालन प्रदेश महामंत्री ओपी चौधरी एवं आभार प्रदर्शन आरोप पत्र समिति के सह संयोजक प्रेम प्रकाश पाण्डेय ने किया।

# भाजयुमो अध्यक्ष गोविंदा गुप्ता के नेतृत्व में एटीएम भरो कार्यक्रम कर प्रदेश सरकार के घोटालों पर विरोध दर्ज किया

**रायपुर।** भाजयुमो अध्यक्ष गोविंदा गुप्ता के नेतृत्व में भाजयुमो के समस्त कार्यकर्ताओं ने आज सांकेतिक एटीएम बनाया एवं बारी-बारी से उसमें नोट डालने लगे। मीडिया प्रभारी आकाश तिवारी ने बताया कि प्रदेश में जिस घोषणा पत्र के सहारे सत्ता में आयी कांग्रेस अपने वादे पूरे तो नहीं कर पाई पर घोटालों का आंकड़ा घोषणा पत्र में 36 वादों से भी ज्यादा निकल आया है। एक के बाद एक लगातार घोटाले सामने आने लगे हैं कोयला घोटाला, राजस्व घोटाला, महादेव एप घोटाला ऐसे बहुत से घोटालों में हजारों करोड़ो




रूपये की लेनदारी केंद्रीय जांच एजेंसी के सामने आई है।भाजयुमो अध्यक्ष जिलाध्यक्ष गोविंदा गुप्ता ने कहा कि प्रदेश के युवाओं, किसानों और माताओं के हक का पैसा, प्रदेश की जनता का पैसा, मुख्यमंत्री बघेल सीधे सोनिया गांधी और उनके परिवार तक भेज रहे हैं। ऐसा हो ही नही सकता कि प्रदेश में घोटाले हों और मुख्यमंत्री अनजान हो। घोटालों में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के करीबियों के नाम सामने आया हैं। वहीं भूपेश सरकार के संरक्षण में ही रायपुर के महापौर एजाज ढेबर के भाई अनवर ढेबर 2000 करो? के शराब घोटाले के आरोपी है। यह पूरा तंत्र भ्रष्टाचार में भीगा हुआ है जल्द प्रदेश की जनता भूपेश सरकार को अलविदा करेगी।

# युवाओं से भयभीत हो गये है भूपेश बघेल - ओपी चौधरी

**ब्यूरो चीफ छत्तीसगढ अश्वनी अवस्थी**

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री ओ.पी. चौधरी ने नई भर्ती के बाद कर्मचारियों के प्रोबेशन पीरियड में की जाने वाली वेतन कटौती की व्यवस्था निरस्त करने के प्रदेश सरकार के फैसले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के डर का परिचायक बताया है। श्री चौधरी ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश की भूपेश सरकार ने पाँच साल तक युवाओं का वेतन काटकर युवाओं के साथ अन्याय किया, उसके लिए युवा भूपेश सरकार को कभी माफ नहीं करेगा।भाजपा प्रदेश महामंत्री श्री चौधरी ने कहा कि सरकारी नौकरियों में नियुक्त नये-नये युवा कर्मचारियों के लिए क्रूर और जालिम व्यवस्था की शुरुआत प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढञ में की थी। इसके तहत तीन साल के प्रोबेशन पीरियड में तीन साल तक उन्हें पहले, दूसरे और तीसरे वर्ष में क्रमशः 70 प्रतिशत, 80 प्रतिशत और 90 प्रतिशत वेतन दिया जाता था। इस प्रकार तीन वर्षों में क्रमशः 30 प्रतिशत, 20 प्रतिशत और 10 प्रतिशत की कटौती की जा रही थी। श्री चौधरी ने कहा कि इस जालिम व्यवस्था का भाजपा और प्रदेश के युवाओं ने लगातार इसका डटकर विरोध किया था। पाँच साल तक युवाओं के साथ भरपूर अन्याय करने के बाद चुनाव से ठीक पहले चला-चली की बेला में भूपेश सरकार ने डरकर इस व्यवस्था को अब निरस्त करने की घोषणा की है। श्री चौधरी ने कहा कि प्रदेश सरकार चाहे जितने पैंतरे आजमा ले, पाँच सालों तक भूपेश सरकार ने छत्तीसगढ़ के युवाओं के साथ जो अन्याय की पराकाष्ठा की है, उसके लिए प्रदेश के युवा कांग्रेस की भूपेश सरकार को कतई माफ नहीं करेंगे।

# प्रदेश महामंत्री मनु मिश्रा के नेतृत्व में किसान कांग्रेस की बैठक संपन्न

**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ द्वारा किसानों के हित में घोषित योजनाओं के प्रचार प्रसार को गति देने हेतु प्रसिद्ध हनुमत धाम मंडपा इमलिया में किसान कांग्रेस की मंडल की बैठक का आयोजन किया गया।इसमें मुख्य रूप से प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री पंडित मनु मिश्रा ने सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने किसान हित को देखते हुए जो महत्वपूर्ण घोषणा की है उनका संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र में किसानों तक पहुंचने का कार्य किसान कांग्रेस के साथियों को करना चाहिए।जिसमें प्रमुख रूप से 5 हॉर्स पावर तक बिजली का बिल माफ किसानों के पुराने बिजली के बिल माफ करने किसान कर्ज माफी जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लेकर 2023 में मध्य प्रदेश में कमलनाथ को मुख्यमंत्री बनाना एवं प्रदेश में कांग्रेस की सरकार लाना हम सभी का दायित्व है इसके लिए सभी को एक जुट होकर कार्य करना चाहिए जिला कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष वीरेंद्र ठाकुर धार्मिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष पंडित उमाशंकर चौबे जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष पंडित नितिन मिश्रा ने कहा कि कमलनाथ एक ऐसे नेता है जो कहते हैं वह करते हैं पहले भी किसानों की कर्ज माफी का निर्णय लिया वृद्धावस्था पेंशन को 300 से ?600 किया गांव-गांव में गौशाला का निर्माण किया और आगामी समय में कांग्रेस की सरकार आने पर सारी अधूरी योजनाएं पूर्ण की जाएगी वर्तमान में अल्प वर्षा की स्थिति कारण जिले में फसलों की खराब स्थिति को देखते हुए सुंदरकांड का पाठ कर भगवान से अच्छी वर्षा की प्रार्थना की गई।बैठक में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष संजीव भाई किसान कांग्रेस के मंडल अध्यक्ष खेमचंद नामदेव पूर्व मंडल अध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा धर्मेंद्र सिंह लोधी बलराम ठाकुर सत्येंद्र सिंह राजपूत जाहर सिंह, पप्पू कुशवाहा, अमित पटेल, पूर्व सरपंच इमलिया, मनके व्यास, बद्री अहिरवार, धर्मेन्द्र सिंह लोधी ठाकुर, रूपसिंह ठाकुर,लल्ली, प्रेम सिंह ठाकुर, महादेव, संजू अहिरवार, दम्मू राठौर, तीरथ सेन, एक चिश्ती समस्त मंडल सेक्टर की कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### अग्रवाल महिला मिलन ने किया पौधा रोपण

# पौधो का संरक्षण करके प्रकृति को संजोकर रखने का लिया संकल्प

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** पूर्व महिला मिलन अध्यक्ष श्रीमती अनीता के.सी.अग्रवाल की पहल से अग्रवाल महिला मिलन समिति ने 27 अगस्त को पौधारोपण व संरक्षण का संकल्प लिया था। जिसके तहत वैश्य सामुदायिक भवन के बाजू से बनी पार्क में पौधों का रोपण किया गया था आज छठवें दिन पौधों को हरा भरा देखकर महिलाएं खुश हुई। समिति की महिलाओं ने निर्णय लिया कि जन्मदिन मैरिज डे व किसी अहम् दिन के उपलक्ष में पार्क में पौधों रोपण कर उनका संरक्षण भी करेंगे आज महिला मिलन पूर्व अध्यक्ष श्रीमती कुसुम दीदी, जीवन लाल वर्तमान सचिव श्रीमती सपना अग्रवाल, धर्मेंद्र, श्रीमती कल्पना, मनोज अग्रवाल के जन्मदिन पर व श्रीमती शीला डाक्टर जे .पी. पसारी, श्रीमती नेहा मजिस्ट्रेट सुशील अग्रवाल ने स्वेच्छा से व अखिल भारतीय महासभा संभागीय अध्यक्ष विकास अग्रवाल की मां स्वर्गीय श्रीमति आशा किशोरी लाल की पुण्य स्मृति में पौधारोपण किया व संरक्षण की जिम्मेदारी ली। इस कार्यक्रम में पूर्व महिला मिलन अध्यक्ष श्रीमती कुसुम दीदी, पूर्व महिला मिलन अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा, पूर्व महिला मिलन अध्यक्ष श्रीमती अनीता अग्रवाल, सहसचिव वीणा, निशा, वासु, अखिल भारतीय महासभा संभागीय अध्यक्ष विकास, वैश्य महासम्मेलन संभागीय युवा अध्यक्ष जुगल अग्रवाल, सपना अग्रवाल, कल्पना अग्रवाल की उपस्थिति रही।





## शाहरूख खान की फिल्म जवान का ट्रेलर रिलीज

बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान की आने वाली फिल्म जवान का ट्रेलर रिलीज हो गया है। शाहरूख खान इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म जवान को लेकर चर्चा में है। एटली के निर्देशन में बनी फिल्म जवान का ट्रेलर रिलीज हो गया है। एक राजा था, एक के बाद एक जंग हारता गया... इस नरेशन के साथ शुरू होता है शाहरुख खान की 'जवान' का ट्रेलर। ट्रेलर में विजय सेतुपति, सान्या मल्होत्रा, नयनतारा, दीपिका पादुकोण, सुनील ग्रोवर से लेकर रिद्धि डोगरा तक की झलक देखने को मिलती है।'जवान' के ट्रेलर में शाहरुख खान के विलेन के किरदार से शुरुआत होती है, जो मुंबई में एक मेट्रो को हाइजेक कर लेते हैं। शाहरुख खान 'जवान' के ट्रेलर में खतरनाक एक्शन करते हुए नजर आ रहे हैं। फिल्म जवान' गौरी खान द्वारा निर्मित और गौरव वर्मा द्वारा सह-निर्मित रेड चिलीज़ एंटरटेनमेंट की प्रस्तुति है। यह फिल्म 07 सितंबर, 2023 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषा में रिलीज होगी।



## रफ़्तार भारत का सबसे दमदार रैपर: बादशाह

रियलिटी शो 'इंडियाज गॉट टैलेंट' सीजन 10 के जज बादशाह ने अपकमिंग एपिसोड में शो के स्पेशल गेस्ट रैपर रफ्तार की जमकर तारीफ की। उन्होंने रफ्तार को भारत का सबसे जबरदस्त रैपर करार दिया। दोनों कंटेस्टेंट्स यूएनबी के साथ 'इलुमिनाउटी', 'ये लड़की पागल है' और 'कॉल मी अ प्लेयर' पर परफॉर्म करने के लिए भी तैयार हैं। 'इलुमिनाउटी' रफ़्तार द्वारा गाया गया गाना है, जबकि 'ये लड़की पागल है' बादशाह द्वारा गाया गया है। शो में रफ़्तार और कंपोजर-सिंगर जसलीन रॉयल नजर आएंगे। जो अपने चार्ट-टॉपिंग ट्रैक 'हीरिये' को प्रमोट करेंगे। रफ़्तार के साथ अपने रिश्ते के बारे में बोलते हुए, बादशाह ने कहा, हम हिप हॉप के कमर्शियल फॉर्म की प्रैक्टिस करते हैं, लेकिन रफ़्तार भारत में सबसे स्किल रैपर हैं। मैं उसे सबसे स्किल्ड और अपना पसंदीदा क्यों कहता हूं क्योंकि वह एकमात्र व्यक्ति हैं जो हिप हॉप और कमर्शियल हिप हॉप दोनों का शुद्धतम रूप करता है और वह दोनों में उत्कृष्ट हैं। बादशाह ने शेयर किया,इससे भी ज्यादा, वह सिर्फ एक रैपर नहीं हैं।

## प्राची देसाई का नया गाना लफ्ज़ भीगे हैं रिलीज़



बॉलीवुड अभिनेत्री प्राची देसाई का नया गाना लफ्ज़ भीगे हैं रिलीज़ हो गया है। कवि अजय साहब द्वारा लिखित गाना लफ़्ज़ भीगे हैं को प्रतिभा सिंह बघेल ने अपनी आवाज़ दी है। इस रचना का मूल उस एकतरफा प्यार की कहानी से लिया गया है जो साहित्यिक दिग्गज अमृता प्रीतम और शायर साहिर लुधियानवी के जीवन से जुड़ा हुआ था। पाराशेर बरुआ निर्देशित इस म्यूजिक वीडियो में प्राची देसाई और सोम चट्टोपाध्याय नज़र आ रहे हैं। इस गाने को पांडिचेरी और मुंबई के बैकड्रॉप में शूट किया गया है। गाने के संगीतकार राजेश सिंह हैं जबकि निर्माता पारस नाथ हैं।

## पहले एक्टर बनना चाहता था: अनु मलिक



म्यूजिक कंपोजर और सिंगर अनु मलिक ने रियलिटी सिंगिंग शो 'सा रे गा मा पा' में अपने पुराने दिनों को याद किया और खुलासा किया कि म्यूजिक इंडस्ट्री में आने से पहले वह एक्टर बनना चाहते थे। सिंगिंग रियलिटी शो 'सा रे गा मा पा' में हिमेश रेशमिया, नीति मोहन, अनु मलिक जज और आदित्य नारायण होस्ट हैं। जहां देश भर से कंटेस्टेंट्स टॉप 12 में जगह पाने के लिए ऑडिशन दे रहे हैं, वहीं कुछ ने अपनी आवाज से जजों को मंत्रमुग्ध कर दिया है। ऐसे ही एक कंटेस्टेंट हैं पंजाब के अनमोल, जिनके गाने 'इक कुड़ी' की शानदार परफॉर्मेंस ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। सिंगिंग, कम्पोजिंग और लेखन में उनकी बहुमुखी प्रतिभा के बारे में जानने के बाद, अनु मलिक ने उन्हें अपने सिंगिंग स्किल के साथ-साथ लेखन को एक पेशे के रूप में ध्यान केंद्रित करने पर विचार करने की सलाह दी। उन्होंने स्टेज पर अनमोल की कविता को सराहा। उन्होंने कहा, आप एक महान सिंगर हैं लेकिन मेरे लिए, आप उससे भी बेहतर लेखक हैं।



रसिका दुग्गल ने कहा, मेरे ख्याल से अमृता प्रीतम का लेखन एक ही सांस में रोमांस और क्रांति की बात करता है। उनके शब्दों में एक उदासी है, एक चाहत है, एक जुनून है, एक शांत गुस्सा है, एक सवाल है और एक कल्पना है जो कभी भी अपने बारे में सचेत नहीं होती है और इसलिए दिल में घर कर जाती है।

# अमृता प्रीतम का किरदार निभाना चाहती हैं रसिका दुग्गल

बॉलीवुड अभिनेत्री रसिका दुग्गल सिल्वर स्क्रीन पर कवियत्री-लेखिका अमृता प्रीतम का किरदार निभाना चाहती है।

रसिका दुग्गल ने कहा, मेरे ख्याल से अमृता प्रीतम का लेखन एक ही सांस में रोमांस और क्रांति की बात करता है। उनके शब्दों में एक उदासी है, एक चाहत है, एक जुनून है, एक शांत गुस्सा है, एक सवाल है और एक कल्पना है जो कभी भी अपने बारे में सचेत नहीं होती है और इसलिए दिल में घर कर जाती है। मैं उनकी कविता से बहुत प्रभावित हुयी हूं और उनकी जीवनियों से बहुत प्रभावित से भी।

यहां एक महिला है जिसने अपनी शर्तों पर जीवन जिया-अपने जोश और जुनून को स्वीकार किया और निडर होकर उनका पालन-पोषण किया। यदि उनके बारे में कोई फिल्म बनी तो उन्हें चित्रित करने का अवसर मिलना मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा होगा। रसिका दुग्गल दिल्ली क्राइम के तीसरे सीज़न में नीति सिंह के रूप में दिखाई देंगी। इसके अलावा, वह मिर्जापुर की बहुप्रतीक्षित तीसरे सीव वल में बीना त्रिपाठी के रूप में लौटने के लिए तैयार हैं। वह लिटिल थॉमस, लॉर्ड कर्जन मेंशन, स्पाइक, फेयरी फोक और कुछ अन्य प्रोजेक्ट्स में भी दिखाई देंगी।

## पैपराजी पर भड़के विजय वर्मा



एक्टर विजय वर्मा ने हाल ही में स्ट्रीमिंग एंथोलॉजी 'लस्ट स्टोरीज 2' में एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया के साथ स्क्रीन साझा की थी। वह मालदीव्स से छुट्टियां मनाकर वापस लौटे हैं। इस दौरान वह पैपराजी पर नाराज होते दिखे। एक्टर मुंबई एयरपोर्ट के अराइवल सेक्शन से अपनी कार की ओर मुस्कुराते हुए बढ़े इस दौरान फोटोग्राफरों में से एक ने उनसे पूछा, 'मालदीव से समंदर के मजे लेकर आए हो?' सवाल सुनते ही विजय को गुस्सा आ गया और उन्होंने जवाब में कहा- 'आप ऐसे सवाल नहीं कर सकते। इससे पहले तमन्ना को भी एयरपोर्ट से बाहर निकलते हुए देखा गया था। एयरपोर्ट से एक्टर्स की कई तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं। 26 अगस्त को, तमन्ना और विजय को मुंबई एयरपोर्ट पर देखा गया जब वे एक साथ छुट्टियां मनाने के लिए निकले थे। हालांकि, यह जोड़ी अलग-अलग पहुंची। तमन्ना ने अपने एक इंटरव्यू के दौरान विजय के साथ अपने रिश्ते की पुष्टि की और उन्हें अपना 'हैप्पी प्लेस' बताया। दूसरी तरफ, विजय ने बाद में यह भी कहा कि हालांकि वह जनता से कुछ भी छिपाना नहीं चाहते हैं, लेकिन वह चाहते हैं कि दर्शक उनके काम के बारे में नोटिस करें और चर्चा करें, न कि उनके निजी जीवन के बारे में।



## अरमान ने प्रपोज करते हुए आशना के लिए गाया गाना

सिंगर-सॉन्ग राइटर अरमान मलिक ने 'कसम से' नामक एक वीडियो जारी किया है, जो दर्शकों को बिग प्रपोजल डे और उस स्पेशल मोमेंट के बारे में बताता है, जब फैशन इंफ्लूएंसर आशना श्रॉफ ने उन्हें हां कहा था। 28 अगस्त को अरमान ने गर्लफ्रेंड आशना के साथ अपने खास पल की कई तस्वीरें शेयर कर अपनी सगाई की घोषणा की थी। इस ड्रीम प्रपोजल ने फैंस का दिल जीत लिया और हर कोई उन्हें शुभकामनाएं देने लगा। वीडियो में अरमान को मोमबत्तियों और फूलों के साथ एक सुंदर और रोमांटिक सेट तैयार करते हुए दिखाया गया है। वह घुटने के बल बैठने से पहले हाथ में गिटार लेकर 'कसम से' सॉन्ग गाते हैं। आशना के हां कहने पर उनके खुशी के आंसू बह निकलते हैं। स्पेशल सॉन्ग के बारे में बात करते हुए, अरमान ने कहा,'कसम से' मेरी बेटर-हाफ के लिए म्यूजिकल लव लेटर है। हमारी लव स्टोरी का सॉन्ग। यह उनसे एक वादा है कि परिस्थितियां चाहे कितनी भी कठिन क्यों न हों, मैं हर परिस्थिति में उनका हाथ पकड़कर हमेशा खड़ा रहूंगा।



## 'आवारा क्रू' की परफार्मेंस से प्रभावित हुई शिल्पा शेट्टी-खेर

अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और किरण खेर इंडियाज़ गॉट टैलेंट में 'आवारा क्रू' के सदस्यों की परफार्मेंस से प्रभावित हो गयी। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का टैलेंट रियलिटी शो, 'इंडियाज़ गॉट टैलेंट', जिंदगी के अलग-अलग जगहों से आए हुनरमंद लोगों के बेमिसाल एक्ट्स से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रहा है। आगामी एपिसोड का मुख्य आकर्षण दिल्ली से आया आवारा क्रू, होगा ,जो 'पहली बार है' गाने पर अपनी मनमोहक परफॉर्मेंस से मंच पर धूम मचा देंगा।पहली बार, उनके पिता, जो शायद अब तक उनकी लगन और टैलेंट से अनजान थे, इस प्रतिष्ठित मंच पर उनका समर्थन करने के लिए मौजूद होंगे। आवारा क्रू की परफॉर्मेंस से प्रभावित होकर, भावुक शिल्पा शेट्टी कुंद्रा क्रू में मौजूद सदस्यों के पिताओं से कहती हैं, आपने हमको दिया आवारा, इस मंच ने इनको सवारा। आप सभी पिता आज यह साबित करने आए हैं कि आप असल में आवारा क्रू के लिए लकी चार्म हैं। उन्होंने कंटेस्टेंट्स को से कहा, 'आप सभी अविश्वसनीय रूप से प्रतिभाशाली हैं।

# ग्वालियर जिले के बरई में शूट हुई जितांक की 'बासन' फिल्म ने कांस वर्ल्ड फिल्म फेस्टिवल में रचा इतिहास

## बेस्ट इंडी फीचर फिल्म का मिला अवार्ड





**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

भोपाल। ग्वालियर के लिए आज गर्व का दिन है।क्यों कि शहर के युवा शहर का नाम रोशन कर एक अलग ही पहचान बनाने की होड़ में है।ग्वालियर जिले के युवा डायरेक्टर जितांक गुर्जर ने कांस वर्ल्ड फिल्म फेस्टिवल में अवार्ड जीतकर इतिहास रच दिया है और ग्वालियर शहर का नाम रोशन किया। जितांक की बनाई गई फिल्म ÷बासन÷ ने कांस वर्ल्ड फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट इंडिपेंडेंट फीचर फिल्म का अवार्ड अपने नाम किया है।यह फिल्म ग्वालियर के नवोदित कलाकारों को लेकर बनाई गई थी,जिसकी स्टोरी पूरी तरह से ग्वालियर बेस्ड थी।जितांक ने बताया कि उन्होंने इसे विश्व स्तरीय फिल्म फेस्टिवल में ÷बासन÷ को ऑनलाइन माध्यम से भेजा था,जिसके बाद फिल्म ने अवार्ड अपने नाम कर इतिहास रच दिया।मूल रूप से थियेटर से जुड़े जितांक मध्यप्रदेश के ग्वालियर जिले की डबरा तहसील के चिटौली गांव के रहने वाले हैं।वह ग्वालियर में रहकर थियेटर करते हैं।उन्होंने दफीना(गड़े हुए खजाने)की खोज में रहने वाले लोगों की मनस्थिति पर एक रोचक कहानी लिखी और इसका स्क्रीनप्ले भी लिखा।जिसके बाद उन्होंने इस पर फिल्म बनाने का सोचा लेकिन इसके लिए बजट जुटाना कठिन था।बजट की कमी के चलते उन्होंने इस फिल्म के लिए स्थानीय कलाकारों को तैयार किया और डायरेक्शन,कैमरा और एडिटिंग की कमान को भी खुद ही संभाला।जिसके बाद उन्होंने ग्वालियर से लगे बरई इलाके के गांव पावटा में शूटिंग की योजना बनाई और दोस्तों की मदद से एक लाख जुटाकर यह फिल्म बनाई।इसके बाद उन्होंने दोस्तों की मदद से ही ग्वालियर के एक हॉल में फिल्म की स्क्रीनिंग करवाई ग्वालियर में फिल्म को देखकर सबने सराहना की और फिल्म को अच्छा रिव्यू मिला।जिसके बाद उन्होंने फिल्म को तमिलनाडु में आयोजित होने वाले अथविकवरुडी फिल्म फेस्टिवल में ले जाने का निर्णय लिया जहां बासन ने दो अवार्ड जीतकर जितांक हौसला बड़ाया।इस बीच कांस वर्ल्ड फिल्म फेस्टिवल के लिए वेबसाइट के जरिए फिल्म की एंट्री मांगी गई तो जितांक ने वहां भी अपनी फिल्म की एंट्री भेज दी।जिसके बाद बासन ने कांस वर्ल्ड फिल्म फेस्टिवल में इंडिपेंडेंट बेस्ट फीचर फिल्म केटेगरी में अवार्ड जीत लिया।कांस वर्ल्ड फिल्म फेस्टिबल ऑर्गनाइजेशन द्वारा अचानक सूचना मिलने पर जितांक की खुशी का ठिकाना न रहा।जितांक की फिल्म बासन को विश्व स्तरीय फिल्म प्रतियोगिता इंडो फ्रेंच इंटरनेशनल फिल्म फेस्टीवल में भी पांच अवार्ड हासिल हुए हो चुके हैं।इन अवार्ड्स में बेस्ट इंडियन फीचर फिल्म,बेस्ट डायरेक्टर,बेस्ट स्क्रीन प्ले, बेस्ट डेब्यू डायरेक्टर और बेस्ट ट्रेलर के अवार्ड शामिल हैं।जितांक ने बताया कि उन्हें कांस से सर्टिफिकेट मेल के द्वारा मिल गए हैं और उन्हें दिसंबर में होने वाले फिल्म फेस्टिबल के समारोह में बुलाया जाएगा।जिसमें उनकी फिल्म की स्क्रीनिंग भी की जाएगी।

जितांक ने बताया कि फ्रांस में इंडो फ्रेंच इंटरनेशनल ड़िल्म फेस्टिवल 5 अवॉर्ड्स ड़िल्म में अपने नाम किये है।जिसमे बेस्ट इंडी फीचर फिल्म,बेस्ट डायरेक्टर,बेस्ट स्क्रीनप्ले, बेस्ट डेब्यू डायरेक्टर,बेस्ट ट्रेलर अवार्ड मिले।वहीं अथविकवरुणी ड़िल्म फेस्टिवल(तमिलनाडु)में 2 अवॉर्डस जीत चुकी है।जिसमे बेस्ट डायरेक्टर व बेस्ट इंडियन फीचर फिल्म शामिल है।सऊदी अरेबिया इंटरनेल्शनल फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट डायरेक्टर,बेस्ट इंटरनेशनल फीचर फिल्म,बेस्ट एक्टर,बेस्ट ओरिजनल म्यूजिक अवॉर्ड शामिल हैं।जितांक ने बताया कि ड़िल्म ने रोम प्रिस्मा फिल्म अवार्ड में फाइनलिस्ट में टॉप 6 में जगह बनाई।यूनाइटेड किंगडम में लिफ्ट ऑफ फिल्म सेशन में सिलेक्शन हुआ।बाकी अभी फिल्म काफी फिल्म फेस्टिवल में सफर कर रही है।

# 125 दिनों के लंबे सफर की बधाई, सूर्य मिशन की उड़ान के बाद बोले इसरो चीफ, चंद्रयान-3 का भी दिया अपडेट

भारत ने अपना पहला सूर्य मिशनआदित्य एल1 लॉन्च कर दिया. शनिवार (2 सितंबर) को इसे पीएसएलवी-सी57 रॉकेट से अंतरिक्ष में प्रक्षेपित किया गया, जहां सैटेलाइट को उसकी इच्छित कक्षा में स्थापित कर दिया गया है. इसके साथ ही भारत की पहली सूर्य वेधशाला ने सूर्य-पृथ्वी के एल1 प्वाइंट के लिए यात्रा शुरू कर दी है. इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने लॉन्च के सफल होने की जानकारी दी.एस सोमनाथ ने बताया कि अंतरिक्ष यान सटीक कक्षा में स्थापित हो गया है. उन्होंने कहा, ÷मैं आदित्य-एल1 मिशन को करने के लिए पीएसएलवी को बधाई देता हूं. अब से मिशन एल1 प्वाइंट के लिए अपनी यात्रा शुरू करेगा. यह लगभग 125 दिनों की बहुत लंबी यात्रा है. आइए हम सभी आदित्य स्पेसक्राफ्ट को शुभकामनाएं दें.÷



**चंद्रयान-3 के बारे में भी दी जानकारी**-इसरो प्रमुख ने बताया कि आदित्य-एल1 को पृथ्वी की अंडाकार कक्षा में स्थापित किया गया है, जिसमें पृथ्वी का निकटतम बिंदु 235 किमी और अधिकतम बिंदु 19000 किमी है. इसके साथ ही इसरो चीफ ने चंद्रयान-3 के बारे में भी जानकारी दी. उन्होंने कहा कि चंद्रमा पर भेजे गए चंद्रयान-3 के रोवर और लैंडर ठीक से काम कर रहे हैं और चूंकि चंद्रमा पर अब रात हो जाएगी इसलिए इन्हें निष्क्रिय किया जाएगा.

**मिशन डायरेक्टर बोलीं**- सपना सच होने जैसा लॉन्च की सफलता पर आदित्य-एल1 की प्रोजेक्ट डायरेक्टर निगार शाजी ने कहा, ÷यह एक सपने के सच होने जैसा है. मुझे बेहद खुशी है कि आदित्य एल-1 को पीएसएलवी ने हमेशा की तरह बिना गलती के कक्षा में स्थापित कर दिया है. आदित्य एल-1 ने अपनी 125 दिन लंबी यात्रा शुरू कर दी है. एक बार जब आदित्य एल-1 स्टार्ट हो जाएगा तो यह देश और वैश्विक वैज्ञानिक बिरादरी के लिए एक संपत्ति होगी. मैं इस मिशन को संभव बनाने में उनके समर्थन और मार्गदर्शन के लिए पूरी टीम को धन्यवाद देती हूं.÷

**केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह भी रहे मौजूद**-सूर्य मिशन की लॉन्चिंग का गवाह बनने केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जितेंद्र सिंह भी पहुंचे थे. लॉन्चिंग के बाद संबोधन में सिंह ने कहा, ÷यह वास्तव में भारत के लिए एक शानदार क्षण है, जिसे पूरी दुनिया सांस रोककर देख रही थीवैज्ञानिकों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा, भारतीय वैज्ञानिक इस मिशन को सफल बनाने में वर्षों से दिन-रात मेहनत कर रहे थे और अब राष्ट्र के प्रति प्रतिज्ञा को पूरा करने का क्षण आ गया है. केंद्रीय मंत्री सिंह ने शनिवार की उपलब्धि को 'शानदार पल' बताया और अंतरिक्ष क्षेत्र को समर्थन देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया.

# संजीवनी के हृदय परीक्षण शिविर में डॉ जमाल युसुफ ने 364 मरीजों का परीक्षण किया



ग्वालियर। समाज सेवी संस्था संजीवनी द्वारा आज दो सितंबर को महावीर भवन में आयोजित एक दिवसीय निशुल्क परीक्षण शिविर में 364 मरीजों का हृदय परीक्षण करके उन्हें उपचार बताया। स्ंजीवनी संस्था द्वारा आयोजित निशुल्क परीक्षण शिविर का दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ करते हुये डॉ जमाल युसुफ ने संबोधित करते हुये ग्वालियर के लोगों की तारीफ करते हुये कहा कि मैं पूरे भारत में आता जाता रहता हूं लेकिन ग्वालियर के लोग बहुत सामाजिक है और वह दिमाग ही नहीं दिल से काम लेते हैं। उन्होंने शिविर के व्यवस्थित रूप से आयोजन करने के लिए संजीवनी संस्था की सराहना की। स्वागत उदबोधन संस्था प्रभारी विजय गोयल ने दिया। संस्था के सभी सदस्यों ने एक साथ मिलकर डॉ जमाल युसुफ को 51 किलो के पुष्पहार से स्वागत किया गया। थ्शविर में प्रेस्टन नर्सिग कालेज के प्रवीण त्रिपाठी और पेरामेडीकल स्टाफ का विशेष योगदान रहा। शिविर के समापन पर संस्था के सदस्यों ने डॉ जमाल युसुफ और पेरामेडीकल स्टाफ को स्मृति चिन्ह भेंट किये। कार्यक्रम का संचालन संदीप नारायण अग्रवाल ने किया आभार संजीव अग्रवाल कुक्कू ने किया। कर्यक्रम के सफल आयोजन में संस्था के विजय गर्ग, प्रमोद अग्रवाल, डॉ राकेश अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, मनोज सांघी , अजय गोयल, प्रवीण त्रिपाठी, संजीव सिंघल, मुकेश अग्रवाल, वसंत अग्रवाल, श्री कृष्ण गर्ग, रघुनंदन अग्रवाल, राजेश बंसल, सुनील अग्रवाल, संजय गोयल, दीपक अग्रवाल, पुरूषोत्तम गुप्ता, एवं पवन अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा।

# पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा चौथा अंतर्राष्ट्रीय आयोजन रविवार को

## मैराथन में भाग लेने 26 राज्यों के 102 जिलों से 3139 महिला पुरुष धावक देंगे दस्तक, हाफ मैराथन रविवार को शासकीय उत्कृष्ट व्यंकट क्रमांक एक खेल के मैदान में प्रातः 6:00 बजे होगा भव्य उद्घाटन विशाल बाइक रैली में मैराथन की ब्रांड एंबेसडर डॉ.सुनीता गोदारा एवं अनुप्रिया सिन्हा होंगी शामिल पुष्प वर्षा से होगा मैराथन का भव्य स्वागत

**दैनिक पुष्पांजली टुडे (सम्भागीय ब्यूरो)**

सतना। पं.गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा आयोजित सतना हाफ मैराथन ~2023 की तैयारियों का अवलोकन करने हेतु शासकीय उत्कृष्ट व्यंकट क्रमांक एक खेल का मैदान धवारी का अवलोकन एवं निरीक्षण जिला प्रशासन , नगर निगम प्रशासन, पुलिस प्रशासन व फिट इंडिया की टीम ने दोपहर 12~00 बजे किया गया।

सतना हाफ मैराथन की व्यवस्थाओं के निरीक्षण में प्रमुख रूप से योगेश ताम्रकार (महापौर), स्पीकर राजेश चतुर्वेदी पालन, नीरज खरे एसडीएम रघुराजनगर, महेंद्र सिंह सीएसपी, संजय खरे डीएसपी ट्रैफिक, टी आई संतोष तिवारी, स्वास्थ्य अधिकारी नगर निगम बृजेश मिश्रा, लखन लाल अग्रवाल ने व्यंकट स्कूल-1 के खेल मैदान पर पहुंच कर मैराथन की व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया।सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।तत्पश्चात् जिला प्रशासन नगर निगम प्रशासन, पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ राकेश मिश्र जी के साथ मैराथन रूट चार्ट का भौतिक सत्यापन पूरे रूट पर पहुंचकर किया गया।

**मैराथन मार्ग पर न्यास के अध्यक्ष डॉ राकेश मिश्र जी ने लिया जायज़ा समझाई बारीकी से पूर्ण योजना**-मैराथन के 21 किलोमीटर पूर्ण मार्ग का अवलोकन करते हुये कृपालपुर तक पहुँच कर आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। रविवार प्रातः 5.30 से 9.30 बजे तक रीवा रोड यातायात हेतु पूर्णतः बंद रहेगा । सतना हाफ़ मैराथन की विभिन्न व्यवस्थाओं में लगे कार्यकर्ताओं द्वारा विद्यालय परिसर में पहुँचकर अपने अपने अपने विभाग की योजनायें प्रस्तुत कीं । सतना हाफ मैराथन रविवार को शासकीय उत्कृष्ट वेंकट क्रमांक एक खेल के मैदान धवारी में प्रातः 6~00 बजे शुरू होगी व्यवस्था बैठक के शुभारंभ अवसर पर सतना हाफ मैराथन के संयोजक अजय मिश्रा ने बताया कि पं.गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा सतना हाफ मैराथन 3 सितंबर रविवार को शासकीय उत्कृष्ट व्यंकट



क्रमांक एक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खेल के मैदान धवारी में प्रातः 6~00 बजे शुरू होगी। बैठक में सतना हाफ मैराथन के बारे में डॉ. राकेश मिश्रा ने बताया कि ऑनलाइन पंजीयन में देशभर के प्रतिभावान खिलाड़ियों ने विभिन्न स्थानों से धावकों ने अपना पंजीयन करवा लिया है। सभी धावकों से आग्रह करते हुए अजय मिश्रा ने कहा है कि 2 तारीख शनिवार से आवश्यक रूप से कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर अपनी सामग्री प्राप्त कर सकते हैं । अजय मिश्रा ने बताया है कि मैराथन में राष्ट्रीय स्तर के धावक, खिलाड़ियों फिल्म अभिनेता शामिल हो रहे हैं। मैराथन को भव्य दिव्य बनाने के लिए लाइव टेलीकास्ट के माध्यम से आप घर बैठे भी मैराथन का लुफ्त उठा सकते हैं दुनिया भर से सतना हाफ मैराथन को सफल बनाने के लिए राष्ट्रीय स्तर के धावक खिलाड़ियों ने अपना पंजीयन करवाया है।

बैठक में सभी व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई तदुपरांत सतना हाफ मैराथन के संयोजक अजय मिश्रा ने अतिथि आमंत्रण, मीडिया एवं सोशल मीडिया अतिथि स्वागत सत्कार एवं मंच व्यवस्था, मैराथन मैदान व्यवस्था,आवास व्यवस्था, भोजन व्यवस्था, पंजीयन एवं सामग्री वितरण व्यवस्था एवं स्वागत सतना रेलवे स्टेशन, कार्यालय, कोष, ट्रैफिक व्यवस्था, एनसीसी, चिकित्सा व्यवस्था सतना हाथ मैराथन का दायित्व सौंपा गया। सतना हाफ मैराथन के लिए नगर निगम के सहयोग से पूरे खेल के मैदान व नगर की सड़कों को साफ स्वच्छ बनाने के लिए अभियान चलाकर शहर को साफ स्वच्छ करने में खेल प्रेमियों, समाजसेवियों के द्वारा धावकों के स्वागत के लिए शहर की सड़कों के किनारे एनर्जी ड्रिंक मिनरल वाटर की व्यवस्था के लिए समाजसेवियों ने तैयारी शुरू कर दी है। आजादी के अमृत महोत्सव को ऐतिहासिक बनाने के लिए नगर को सुसज्जित किया जा रहा है।

बाहर से आने वाले अतिथियों के स्वागत सत्कार के लिए खेल प्रेमियों के द्वारा तरह-तरह की तैयारी की जा रही हैं।

**शनिवार दोपहर तीन बजे जन जागरण हेतु होगी विशाल बाइक रैली**-शनिवार 2 तारीख को दोपहर 3~00 बजे से विशाल बाइक रैली शासकीय उत्कृष्ट व्यंकट क्रमांक एक खेल के मैदान से सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ राकेश मिश्र हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। जो कि सिटी कोतवाली चौक, पन्नीलाल चौक, अस्पताल चौक होते हुए कृष्ण नगर, सिमरिया चौक, बस स्टैंड, सर्किट हाउस चौक, सिविल लाइन चौक होते हुए शासकीय उत्कृष्ट व्यंकट क्रमांक एक खेल के मैदान में समापन होगा। बाइक रैली में प्रमुख रूप से सतना हाफ मैराथन की ब्रांड एंबेसडर डॉ.सुनीता गोदारा एवं अनुप्रिया सिन्हा प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगी।

**पुष्प वर्षा से होगा मैराथन का स्वागत** - बाइक रैली का स्वागत खेल प्रेमियों के द्वारा पुष्प वर्षा से विभिन्न मार्गो पर किया जा रहा है जिसकी व्यापक तैयारियां की गई हैं। धावकों का आगमन प्रारंभ हो गया है। तमिलनाडु, बिहार व झारखंड के धावकों का आगमन शुरू हो चुका है ।

# राधाकृष्ण सजेंगे 100 करोड़ के जेवरातों सेगोपाल मंदिर में तैयारी शुरू, सुरक्षा के लिये पुलिस मांगी

**ग्वालियर।** फूलबाग स्थित गोपाल मंदिर में जन्माष्टमी पर भगवान राधाकृष्ण की प्रतिमा 100 करो? के जेवरातों से सजेंगी। इसके लिये 7 सितंबर को पूरा फूलबाग क्षेत्र हाई सिक्योरिटी जोन में तब्दील रहेगा। आम दर्शनार्थियों के लिये मंदिर दोपहर 12 बजे से खोल दिया जायेगा, जो रात्रि 12 बजे तक जारी रहेगा। इधर निगमायुक्त हर्ष सिंह ने बताया कि जन्माष्टमी पर गोपाल मंदिर में भगवान राधाकृष्ण को जेवरात पहनाने की तैयारी कर ली गई है और गपोल मंदिर को भी सजाया संवारा जायेगा। जन्माष्टमी के पर्व पर गोपाल मंदिर फूलबाग की भगवान श्री राधाकृष्ण की प्रतिमाओं को यह जेवरात पहनाए जायेंगे। इन वेशकीमती जेवरातों में भगवान श्री राधाकृष्ण के हीरे जेवरातों में भगवान श्री राधाकृष्ण के हीरे जवाहरातों से जडा स्वर्ण मुकुट, पन्ना और सोने का सात लडी का हार, 249 शुद्ध मोतियों की माला, हीरे में ज? कंगन, , हीरे और सोने की बांसुरी, प्रतिमा का विशालकाय चांदी का छत्र, 50 किलो के चांदी के बर्तन, सहित भगवान श्रीजी, राधा के झुमके, सोने की नथ, कंठी, चूडियां, कडे, भगवान की समई, इत्रदान, पिचकारी, धूपदान, चलनी, सांकडी, छत्र, मुकुट, गिलास, कटोरी, कुभकरणी, निरंजनी आदि भी शामिल हैं। अभी यह सभी जेवरात निगम द्वारा बैंक के लॉकर में रखे हुये हैं, जिन्हें जन्माष्टमी के दिन प्रातः महापौर डा. शोभा सतीश सिकरवार, आयुक्त हर्ष सिंह, सहित जिला प्रशासन के प्रतिनिधि की उपस्थिति में खोलकर यहां मंदिर लाया जायेगा। रात्रि 12 बजे भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव के उपरांत इन जेवरातों को कडी सुरक्षा में निगम कोषालय में रखकर दूसरे दिन बैंक लॉकर में फिर से रखा जाएगा।यहां बता दें कि ग्वालियर के फूलबाग क्षेत्र में स्थित प्राचीन गोपाल मंदिर सिंधिया राजवंश का पुराना पूजागृह रहा है। सिंधिया रियासत के शासकों ने अपने शासनकाल में हिन्दू मंदिर , मस्जिद और गुरूद्वारे पास-पास स्थापित किये थे। जिसमें आजादी से पूर्व यहां राजपरिवार के लोग व रियासत के निवासी पूजा अर्चना करने आते थे। आजादी के बाद यह मंदिर व जेवरात भारत सरकार की संपत्ति हो गये थे उसके बाद मध्यभारत की सरकार बनने के साथ ही गोपाल मंदिर स्थानीय जिला व नगर पालिका प्रशासन के अधीन हो गया था। इस कारण समय-समय पर सिंधिया राजवंश द्वारा भगवान श्री राधाकृष्ण को चढाये गये जेवरात , आभूषण भी नगर निगम की संपत्ति हो गये हैं, लेकिन इनके वेशकीमती होने के कारण तत्कालीन नगर



निगम अधिकारियों ने इन जेवरातों को निगम के खजाने फिर बैंक लॉकरों में जमा करा दिया था । बाद में वर्ष 2007 में तत्कालीन महापौर विवेक शेजवलकर व आयुक्त डॉ. पवन शर्मा को इन जेवरातों की सुध आई तो उन्होंने बैंक के लॉकरों को खुलवाकर जन्माष्टमी के दिन भगवान श्री राधाकृष्ण की प्रतिमाओं को जेवरात पहनाये। तभी से इन जेवरातों को देखने के लिए अब जन्माष्टमी के दिन परंपरा बन गई है। एक लाख से अधिक लोग जन्माष्टमी को भगवान श्री राधाकृष्ण के दर्शन वेशकीमती आभूषणों के साथ करते है।विशेष बात यह है कि सभी आभूषण वेशकीमती हीरे, जवाहरात और पन्ना से ज?ित हें, पन्ना व हीरे का साइज व वजन अनूठा है। मुकुट में जडे पन्ना को देखने वाले लोग इसे अपलक ही निहारते रह जाते हैं। इन जेवरातों की कीमत वेशकीमती है और सिंधिया राजवंश के समय होने के कारण इसमें उस समय के जौहरियों ने इसमें अपनी कारीगरी की अदभुत मिसाल पेश की है।

# चाचौड़ा विधायक लक्ष्मण सिंह जी ने गायत्री मंदिर चाचौड़ा में मनाया रक्षाबंधन का त्यौहार



**योगेश शर्मा राजोरिया पुष्पांजलि टुडे**

चाचौड़ा विधायक लक्ष्मण सिंह जी द्वारा चाचौड़ा क्षेत्र की बहनों से रक्षा सूत्र बंधवा या इस अवसर पर हजारों की संख्या में क्षेत्र की बहनों ने लक्ष्मण सिंह जी को रक्षा सूत्र बांधकर अपनी सुरक्षा का वचन लिया एवं उन्हें विजय होने का आशीर्वाद दिया इस अवसर पर विधायक लक्ष्मण सिंह जी द्वारा सभी बहनों को भोजन करवा कर उपहार प्रदान किए गए

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478